दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 6 नवंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 236 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

भरोसे का घोषणा-पत्र
2023-28

पंजा का बटन दबाएंगे
कांग्रेस को जिताएंगे

वादा है, फिर निभाएंगे

- किसानों का कर्ज माफ — पहले की तरह इस बार भी होगा किसानों का कर्ज माफ
- अब धान का मिलेगा 3200 रु प्रति क्विंटल
- 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी
- ₹500 — गैस सिलेंडर पर 500 रुपए मिलेगी सब्सिडी
- बिजली फ्री — 200 यूनिट बिजली फ्री
- KG से PG — सभी सरकारी स्कूलों/कॉलेजों में KG से लेकर PG तक शिक्षा मुफ्त
- 17.5 लाख परिवारों को आवास — 17.5 लाख गरीब परिवारों को हम आवास देंगे
- तेंदूपत्ता बोनस — तेंदूपत्ते का प्रति बोरा 6000 रु और 4000 रु सालाना बोनस भी
- महिला स्व-सहायता समूह ऋण माफी — स्व-सहायता समूह का भी होगा कर्जा माफ
- 10 लाख तक मुफ्त इलाज — अब 10 लाख रुपए तक का मिलेगा मुफ्त इलाज
- स्वामी आत्मानंद — अब सभी सरकारी स्कूल बनेंगे स्वामी आत्मानंद स्कूल
- लघु वनोपज — लघु वनोपजों की MSP पर मिलेंगे अतिरिक्त 10 रु प्रति किलो
- 10,000 रु — भूमिहीनों को मिलेंगे 10,000 रु प्रतिवर्ष
- युवाओं को उद्योग व्यवसाय ऋण में 50% की सब्सिडी
- 700 नए ग्रामीण औद्योगिक पार्क — 700 नए RIPA का होगा निर्माण
- समर्थन मूल्य पर तिवरा खरीदी — तिवरा भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा
- जातिगत जनगणना — जातिगत जनगणना करवाएंगे
- दुर्घटना इलाज — दुर्घटना होने पर मुफ्त इलाज
- परिवहन व्यवसाय कर्ज माफी — परिवहन व्यवसायियों के होंगे कर व कर्ज माफ
- अंत्येष्टि के लिए लकड़ी का प्रबंध राज्य सरकार करेगी

भरोसा बरकरार
फिर से कांग्रेस सरकार

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

स्वीप, महिला कार रैली में मतदान की अपील

मुख्य निर्वाचन अधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने किया कारों के काफिले का नेतृत्व

उत्कृष्ट मतदान संदेश के साथ सजी कारें हुई पुरस्कृत

रायपुर/नवप्रदेश। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत रायपुर में आयोजित महिला कार रैली में छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले सहित सैकड़ों महिला कार चालकों ने हिस्सा लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में आयोजित इस महिला कार रैली के काफ़िले में उत्कृष्ट सजावट व संदेशों के शामिल कारों के महिला चालकों को सम्मानित भी किया गया। कार रैली के माध्यम से आम मतदाताओं को 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदान की अपील की गई। इस आयोजन में भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों सहित जिला प्रशासन के समस्त विभाग, स्थानीय स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों के महिला पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सीनियर महिला आई.ए.एस. ऑफ़िसर श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने मतदाता जागरूकता हेतु रायपुर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस महिला कार रैली में खुद स्टीयरिंग थाम कर काफ़िले को लीड किया। रैली के दौरान उनके साथ जीप में सवार महिलाएं पूरे रास्ते भर लाउड स्पीकर पर मतदाताओं से 17 नवंबर को मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए दिखीं। स्वीप कार रैली के लिए महिलाओं में खासा उत्साह रहा, महिलाएं अपने कार की स्वयं सजावट कर सुबह से बी.टी.आई. ग्राउंड पहुंचने लगी थीं, इन महिलाओं के साथ उनका परिवार व सहेलियां भी सवार थी, जो महिला कार चालकों का उत्साहवर्धन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दे रही थीं। महिलाओं ने अपनी कार को आकर्षक सजावट देने के साथ ही स्वयं भी पारंपरिक पोशाक में रैली में शामिल हुईं। छत्तीसगढ़ी वेशभूषा के साथ ही महिलाएं महाराष्ट्रीयन, बंगाली, ओड़िसी, दक्षिण भारतीय, गुजराती, पारंपरिक पोशाक व पगड़ी पहनकर वीरांगनाओं की तरह इस रैली में पहुंची। बीटीआई ग्राउंड में निर्वाचन गीत ÷मैं भारत हूँ÷ पर नृत्य व जुम्बा कर मतदान का संदेश देते दिखीं।

रैली में भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक, कलेक्टर डॉ. भुरे, नगर निगम कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सी.ई.ओ. अबिनाश मिश्रा, सहायक पुलिस महानिरीक्षक संजय शर्मा, नगर निगम के अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत के अपर मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.के. जोशी सहित जिला प्रशासन, पुलिस, पंचायत, नगर निगम, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित सभी विभाग शामिल हुए। रैली में प्रेस क्लब के अध्यक्ष दामू अंबेडारे व कई स्वयंसेवी संस्थाओं व सामाजिक संगठनों के महिला पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया एवं सभी ने एक स्वर में 17 नवंबर को मतदान अवश्य करने की अपील आम मतदाताओं से की।

80 वर्षीय अख्तर कुरैशी के साथ चला राष्ट्रध्वज

लंबे समय से लकवाग्रस्त अख्तर कुरैशी भी इस कार रैली के दौरान मतदान हेतु सभी को प्रेरित करने पहुंचे, 80 बरस के अख्तर अपने साथ राष्ट्रध्वज लेकर इस रैली में शामिल हुए। सी.ई.ओ. श्रीमती कंगाले ने उनके हौसले की सराहना करते हुए न केवल उन्हें कार रैली में अपने साथ शामिल की, बल्कि उन्हें कार रैली के समापन स्थल साइंस कॉलेज मैदान में सम्मानित भी किया।

ई-कार व ई-रिक्शा की कार रैली में रही धूम

स्वीप महिला कार रैली में रोल्स रॉयस जैसी विंटेज कार, खुली जिप्सी, जीप के साथ इलेक्ट्रिक कार व ई-रिक्शा सहित लगभग 200 कारें शामिल रही। उत्कृष्ट कार सजावट व संदेश के लिए श्रीमती अनुपमा तिवारी को प्रथम पुरस्कार, ई-कार व ई-रिक्शा को द्वितीय व तृतीय पुरस्कार श्रीमती अलका त्यागी को मिला। सी.ई.ओ. श्रीमती कंगाले ने इन महिलाओं को पुरस्कृत कर सभी की सक्रिय सहभागिता के लिए सराहना की।

पहले चरण की सभी 20 सीटें जीतेगी कांग्रेस : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। पहले चरण के चुनाव प्रचार की समाप्ति के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि पहले चरण और दूसरे चरण दोनों चरणों में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। पहले चरण में बस्तर की 12 सीटों के साथ सभी 20 सीटों पर कांग्रेस पार्टी चुनाव जीतेगी। बस्तर का आदिवासी भाजपा के 15 साल के कुशासन को भुला नहीं है जब आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों को बंधक बनाकर रखा गया था। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद आदिवासी समाज के सर्वागीण विकास की योजनायें बनाई गयी, तेंदूपत्ता संग्राहकों की प्रतिमानक बोरा 2500 से बढ़ाकर 4000 किया गया जो फि र से कांग्रेस की सरकार बनने के बाद 6000 रू. होगा। साथ ही अब वनोपजों की कीमतों में 10 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गयी है।

सरेआम शराब पीते 15 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खम्हारडीह पुलिस ने कचना रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी रावेंद्र प्रसाद तिवारी 45 वर्ष, रामशंकर साहू 26 वर्ष व सीयाराम साहू 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने आरोपी कामेश्वर महापात्र 67 वर्ष, आजाद चौक पुलिस ने आरोपी घनश्याम अग्रवाल 57 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी राहुल सिंह 28 वर्ष व सूरज जगवानी 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह उरला पुलिस ने आरोपी नितिश राय 25 वर्ष व गणेश तिवारी 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

न्यूज गैलरी

आईटी रेड में मिले करोड़ों रुपए के लूज पेपर

रायपुर/नवप्रदेश। आयकर विभाग को रियल एस्टेट, एक्सप्लोसिव कारोबारी और सीए के ठिकानों में करोड़ों रुपए के लेनदेन के दस्तावेज मिले है। इसकी जांच करने के साथ ही जब्त करने का काम चल रहा है। रायपुर स्थित सभी 16 ठिकानों में रविवार को भी तलाशी चल रही थी। इसमें भांठागांव, देवेन्द्र नगर, फाफाडीह, वीआईपी रोड स्थित घर, दफ्तर और उरला की फैक्ट्री शामिल है। बताया जाता है कि तलाशी के दौरान बड़ी संख्या में कैश, ज्वेलरी, आधा दर्जन लॉकर, 50 से ज्यादा बैंक खाता और प्रापर्टी के दस्तावेज शामिल हैं। इन सभी के संबंध कारोबारियों से पूछताछ कर बयान लिया जा रहा है। वहीं बैंकों में हुए ट्रांजेक्शन की जानकारी लेने संबंधित बैंकों से स्टेटमेंट मांगे गए हैं। बता दें कि आयकर विभाग दिल्ली, नागपुर और रायपुर की 125 सदस्यीय संयुक्त टीम द्वारा मुंबई, नागपुर और रायपुर में छापा मारा गया है। तलाशी के दौरान मिले इनपुट दिल्ली स्थित आयकर मुख्यालय को भेजी जा रही है। यह छापेमारी दिल्ली स्थित मुख्यालय के निर्देश पर किए गए हैं।

जुआरी व सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने जुआरी व सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई की है। नेवरा पुलिस के टीम ने वार्ड 3 बनियापारा में दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी अजस गेंड्रे 28 वर्ष सहित अन्य 2 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 5 हजार रुपए जब्त किया है। इसी तरह खम्हारडीह पुलिस ने सनमन होम कचना में कार में बैठकर वर्ल्डकप क्रिकेट मैच का सट्टा खिलाते आरोपी ज्योतिश साहू 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 नग मोबाईल, सट्टा पट्टी लिखा कापी, किया कार क्रमांक सीजी 04 एनवी 6791 को जब्त किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने शास्त्री बाजार के पास सट्टा खिलाते आरोपी चंद्रकांत गुप्ता 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 2370 रुपए जब्त किया है।

प्रेक्षकों ने निर्वाचन तैयारियों का किया अवलोकन

प्रथम चरण के विधानसभा क्षेत्रों में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ में विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु नियुक्त विशेष प्रेक्षको के द्वारा प्रथम चरण के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर निर्वाचन संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। विशेष सामान्य प्रेक्षक धर्मेन्द्र एस गंगवार (पूर्व आईएएस), विशेष व्यय प्रेक्षक राजेश टुटेजा (पूर्व आईआरएस) एवं पुलिस प्रेक्षक अनिल कुमार शर्मा (पूर्व आईपीएस) ने राजनांदगाँव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, उत्तर बस्तर कांकेर तथा कोंडागांव जिलों का दौरा कर निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षको सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मती रीना बाबासाहेब कंगाले ने संभाग एवं जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ ही मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया और मतदान दिवस पर मतदाताओं द्वारा सुगम मतदान सुनिश्चित करने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त विशेष प्रेक्षकों ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी अधिकारियों को दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मती रीना बाबासाहेब कंगाले ने समीक्षा के दौरान सभी जिलों में सुगम और समावेशी निर्वाचन के लिए समस्त आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रलोभन एवं भयरहित मतदान सुनिश्चित करना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने संबंधित जिले के जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुगम एवं समावेशी निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत पालन सुनिश्चित करें। विशेष प्रेक्षक धर्मेंद्र एस गंगवार , राजेश टुटेजा एवं अनिल कुमार शर्मा ने विगत दिवस राजनांदगांव और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले का दौरा कर निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए अति संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक सुरक्षा के इंतजाम करने के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता प्रदान करने के निर्देश दिए ताकि मतदाता निर्भीकतापूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। समीक्षा के दौरान सी-विजिल एवं आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों के निराकरण के बारे में भी जानकारी ली गई। इसी कड़ी में विशेष प्रेक्षकगण उत्तर बस्तर कांकेर और कोंडागांव में चुनाव तैयारियों का निरीक्षण करने पहुँचे। समीक्षा के दौरान उन्होंने सुरक्षा उपायों, मतदान दलों की रवानगी तथा वापसी के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली।

सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ के घोटालों की कराएंगे जांच : योगी

सुकमा/नवप्रदेश। रविवार को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुकमा में जनसभा को संबोधित किया। सुकमा के मिनी स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी छग की कांग्रेस सरकार पर जमकर बरसे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पांच साल के अपने शासन में छत्तीसगढ़ को जमकर लूटा और घोटाले पर घोटाले किए। उन्होंने कहा भाजपा की सरकार बनते ही सबकी जांच होगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। योगी ने कहा कि कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने। अगर कांग्रेस चाहते तो 1947 में 1948, 52, 53, 54 में लंबे समय तक उनकी सरकार रही। उन्होंने कभी राम मंदिर का निर्माण नहीं करने दिया। उन्होंने सिर्फ विवाद खड़ा किया। कांग्रेस राम भक्तों को मरवाते थे, पिटवाते थे, उन पर गोली चलवाते थे। कभी भी उन्होंने राम मंदिर के निर्माण के लिए कार्य नहीं किया। आगे कहा कि जब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनेगी तो केंद्र में मोदी के सरकार के साथ डबल इंजन सरकार राज्य का विकास करेगी। साथ ही कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र के अनुसार सभी घोषणाओं को तत्काल पूरा किया जाएगा।

स्मृति ईरानी ने बनाई चाय, सीएम ने पूछा सिलेंडर 12 सौ या 4 सौ वाला

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी चुनाव प्रचार के सिलसिले में रविवार को छत्तीसगढ़ के केशकाल पहुंची। इस दौरान एक भाजपा कार्यकर्ता के घर स्मृति ईरानी ने कार्यकर्ताओं के लिए चाय बनाई। उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं से चाय पर चर्चा की इस दौरान उन्होंने खुद चाय बनाई। जिसका वीडियो सामने आने के बाद राजधानी रायपुर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान सीएम भूपेश ने कहा कि उनके पास कोई और काम नहीं रह गया है। सीएम ने तंज कसते हुए स्मृति से पूछा कि जिस सिलेंडर पर वो चाय बना रहीं है वो 1200 वाला गैस सिलेंडर है या 400 वाला..? पहले 400 था तो बड़ा महंगा था, अभी 900 वाले में बना रहे या 1200 वाले में!

6 ट्रेन यात्रियों में से एक यात्री के पिट्ठू बैग में मिला ढेर सारा जेवर

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 5 एवं 6 में एक यात्री के पिट्ठू बैग की जांच करने पर भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर निकले, जिसकी कीमत 52 लाख 76 हजार रुपए आंकी गई है। कारोबारी को ऐसे समय पकड़ा गया जब वह कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस से रवाना होने वाला था।

रसीद और दस्तावेज नहीं दिखा पाने पर रेलवे सुरक्षा अधिकारियों ने जेवर जब्त करने की कार्रवाई की। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा बल सभी छोटे एवं बड़े स्टेशनों मे सघन चेकिंग अभियान चला रखा है। 4 नवंबर को रात 9.40 बजे रेलवे सुरक्षा पोस्ट रायपुर, मंडल टास्क टीम, एसआईबी एवं सीआईबी रायपुर के अधिकारी व जवानों ने रायपुर स्टेशन में प्लेटफार्म एवं गाडियों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान प्लेटफार्म नं. 05/06 पर दुर्ग छोर की तरफ ट्रेन नम्बर-18029 कुर्ला शालीमार एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-2 के पास एक व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम अविनाश अग्रवाल पिता भागीरथी अग्रवाल 41 वर्ष बताया।

वह थाना-सक्ती, जिला-सक्ती का रहने वाला है। उसने वैध कागजात, बिल पेश नहीं किया तो पोस्ट प्रभारी रायपुर के द्वारा राज्य कर आयुक्त को इसकी सूचना दी गई। राज्य कर आयुक्त द्वारा सोना एवं चांदी के जेवरों को जब्ती पत्र तैयार कर उक्त संपत्ति को अपने कब्जे में लेकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर के सुपुर्द में रखा है।

दिवाली के पल निकॉन के संग

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व प्रसिद्ध कंपनी निकॉन द्वारा दीपावली पर्व को देखते हुए उपभोक्ताओं के लिए दिवाली के पल निकॉन के संग योजना प्रारम्भ की गई है जिसमे उपभोक्ताओं को कैमरों की ख़रीदी पर 5000/- तक कॅश बैक प्राप्त किया जा सकेगा वही 5550/- तक आकर्षक छूट प्राप्त किया जा सकता है प्राप्त जानकारी के अनुसार Z30 कैमरा 59895/- से प्रारम्भ है। वही Z50 कैमरा 70995/- से प्रारम्भ किया गया है। Z30 कैमरे में 20.9 मेगा पिक्सल, 3.0 वारी-एंगल LCD मॉनिटर, yK UHD, ISO 100-51200 प्रमाणित एवं Z50 कैमरे में 20.9 मेगा पिक्सल, 209 AF पॉइंट्स ,100-51200 iSO रेंज yK UHD प्रमाणित है निकॉन कैमरा सभी अधिकृत डीलरों के यहाँ उपलब्ध है।

ओपी जिंदल विवि का रोल ऑफ इनोवेशन, आंत्रप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

रायपुर/नवप्रदेश। ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट द्वारा 'रोल ऑफ़ इनोवेशन, आंत्रप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' विषय पर दो-दिवसीय चतुर्थ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन रायपुर के सयाजी होटल में किया गया। सम्मलेन की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आर डी पाटीदार, आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रोफेसर राजीव प्रकाश, आईसीएसआई-रायपुर चैप्टर के चेयरमैन सी एस शरद कांकानी, सीएसवीटीयू-भिलाई के कुलपति डॉ.एम् के वर्मा एवं जेएसपी के प्रेसिडेंट प्रदीप टंडन ने दीप प्रज्वलित कर किया। फिर, फिलीपीन्स,ओमान और भारत के राष्ट्र गान के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सोहार विश्वविद्यालय-ओमान एवं जोश मारिया कॉलेज- फिलीपींस के सहयोग से आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य इनोवेशन, आंत्रप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों से जुड़े हुए सभी स्टेक होल्डर्स को एक मंच पर लाना, सतत विकास में इनकी भूमिका पर चर्चा करना, नवाचारों के साथ-साथ सतत विकास की व्यावहारिक चुनौतियों का सामना करने के लिए अपनाए जाने वाले समाधान प्रस्तुत करना था। प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने बताया कि किस तरह छोटे-छोटे इनोवेशन से समाज का बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बदलाव लाने के लिए कहीं बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है बल्कि व्यक्ति अपने छोटे-छोटे विचारों से समाज में एक बड़ा बदलाव ला सकता है। सी एस शरद कांकानी ने बताया कि किस तरह से उन्होंने छोटी उम्र में ही बड़ा मुकाम हासिल किया। इस अवसर पर सोहार यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ हमदान सुलेमान व यूनिवर्सिटी ऑफ़ नार्थ जॉर्जिया के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सिव चैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अपने विचार व्यक्त किये। प्रदीप टंडन ने बताया कि प्रबंध एवं स्थिरता को बनाये रखने के लिए प्रोडक्ट का अच्छा होना ही काफी नहीं हैं। मार्किट फीडबैक,एम्प्लाइज का बिहेवियर आदि किसी भी प्रोडक्ट की स्थिरता के लिए जरूरी है।

रोड किनारे खड़े ट्रकों पर कार्रवाई नहीं, गाड़ी टकराने से फिर मौत

रायपुर/नवप्रदेश। आउटर में रोड किनारे खडे ट्रकों और भारी वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती. यही वजह है कि रात में भी सड़क किनारे भारी वाहन बिना संकेत के खड़े रहते हैं. इसी के चलते टाटीबंध इलाके में वाहन चालक की मौत हो गई. बिना संकेतक के रोड किनारे खड़े ट्रक से वाहन चालक टकरा गया। इससे उसकी मौत हो गई. पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है.

पुलिस के मुताबिक हुकुम पाल अपनी गाड़ी सीजी 04 पीएच 1625 से बिलासपुर-रायपुर बायपास रोड से आ रहे थे. इस दौरान टाटीबंध के पास वीरा दा ढाबा के सामने रोड किनारे ट्रक सीजी 08 एए 9399 से टकरा गए। इससे हुकुम पाल की मौत हो गई। दरअसल वहां अंधेरा था और ट्रक चालक कोई संकेतक भी नहीं दे रहा था. इसके चलते हुकुम की गाड़ी ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी. इससे उसे गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई. पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है.

हो चुकी हैं कई घटनाएं

सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकराने से मौत की कई घटनाएं हो चुकी हैं. इससे पहले भी टाटीबंध रिंग रोड में दो युवकों की मौत हो गई थी. रिंग रोड नंबर-3 और 2 में कई घटनाएं हो चुकी हैं. दरअसल इन मार्गों में रोड के किनारे अवैध रूप से ट्रकें खड़ी रहती हैं. कई ट्रक वाले रात में सिग्नल भी नहीं चालू रखते हैं. इसके चलते दुर्घटना होती है।

दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 6 नवंबर 2023, वर्ष-12 अंक- 236 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

कांग्रेस ...'भरोसे का घोषणा पत्र' जारी, 32 सौ रुपए धान खरीदी का वादा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने रविवार को भरोसे का घोषणा पत्र जारी कर दिया। कांग्रेस ने किसानों के लिए बड़े ऐलान करते हुए 3200 रुपए में धान खरीदी की घोषणा के साथ पिछली बार की तरह इस बार भी कर्ज माफी की घोषणा की है। इसके अलावा युवाओं, महिलाओं को साधते हुए अन्य घोषाएं कांग्रेस के घोषणापत्र में शामिल है। कुमारी सैलजा ने कहा कि, ये भरोसे की सरकार है, इसलिए क्योंकि हम वादा पूरा करते हैं। पिछली बार हमारी सरकार बनी और पहली ही कैबिनेट में किसानों के ऋण माफ किए। ये भरोसे की बात होती है। 20 लाख किसानों के 10 हजार करोड़ रुपए हमने माफ किए। सिर्फ घोषणाएं नहीं की, हमारे विकास कार्यों का तांता लगता रहा।

नेक नीयत पर मिलेगा आशीर्वाद

वहीं सीएम भूपेश ने पीएम मोदी के डोंगरगढ़ दौरे को लेकर कहा कि, देवी मां का आशीर्वाद सबके साथ है, लेकिन सवाल ये है कि नीयत कितनी साफ है। अगर छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा करने की नीयत है तो माता का आशीर्वाद मिलेगा, जैसे हमें मिला है। उनकी नीयत यहां कि खदानों को अडानी को सौंपने की नीयत है, तो उन्हें माता का आशीर्वाद नहीं मिलेगा।

पिछली घोषणाएं भी सरकार बनने पर जारी रहेंगी

राजनांदगांव में सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि जो घोषणाएं पिछली बार की थी, वो फिर सरकार बनने के बाद भी जारी रहेगी। वहीं शराब बंदी को लेकर पिछली बार जो कहा, उस पर कायम है। ये सामाजिक बुराई है। इसमें एक कदम आगे बढ़ाया है। हमारे 146 ब्लॉक है, इसमें 85 ब्लॉक अनुसूचित जाति क्षेत्र में आते हैं। वहां पेसा कानून लागे है। ग्राम सभाओं को अधिकार दिया है, वे जो फैसला करेंगे, वह लागू होगा।

घोषणा पत्र की प्रमुख बातें

- 35 किलो चावल मिलता रहेगा।
- 200 यूनिट तक बिजली बिल माफ
- 3200 में धान खरीदी।
- किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी हुई शुरू
- पहले की तरह इस बार भी किसानों का कर्ज होगा माफ
- सभी सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में केजी से पीजी तक मिलेगी निःशुल्क शिक्षा।
- तेंदूपत्ते का प्रति मानक बोरा 6,000 और 4,000 सालाना बोनस देंगे।
- गैस सिलेंडर पर 500 रुपए की सब्सिडी।
- जातिगत जनगणना कराई जाएगी।
- 10 लाख तक मुफ्त इलाज होगा।
- युवाओं को लोन पर 50 प्रतिशत तक सब्सिडी।
- राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत देंगे 10,000 सालाना।
- उद्योगों के लिए 50 प्रतिशत सब्सिडी।
- 17.5 लाख गरीब परिवार को आवास देने की भी बड़ी घोषणा की
- 5 लाख तक स्वास्थ्य बीमा।

सीएम ने राजनांदगांव में लॉन्च किया घोषणापत्र

रायपुर समेत 7 जिलों में 7 दिग्गज नेताओं ने घोषणा पत्र जारी किया है। इनमें रायपुर स्थित राजीव भवन में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, राजनांदगांव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, बिलासपुर में चरण दास महंत, बस्तर में दीपक बैज, अंबिकापुर में टीएस सिंहदेव, कवर्धा में मंत्री मोहम्मद अकबर घोषणा पत्र जारी किया।

आज बेबाक

पुरानी फिल्म दस लाख का गाना है- गरीबों की सुनो वो तुम्हारी सुनेगा तुम एक पैसा दोगे वो दस लाख देगा..। इसे राजनीतिक दलों ने थोड़े संशोधन के साथ चुनावी गाना बना लिया है। हर पार्टी यह गा रही है- गरीबों की सुनो वो तुम्हारी सुनेगा तुम एक वोट देगा वो नोट ही नोट देगा..। कोई भी चुनाव आता है तो गरीब हाशिए से निकलकर केन्द्र बिन्दु बन जाता है। सभी पार्टियों में गरीबों का मसीहा बनने की होड़ लग जाती है। गरीबों के उत्थान की गारंटी दी जाती है लेकिन गरीबी है कि दूर ही नहीं हो पाती।

केदारनाथ धाम पहुंचे राहुल चुनाव में जीत के लिए की प्रार्थना

रूद्रप्रयाग (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी रविवार (5 नवंबर) को तीन दिन के निजी दौरे पर उत्तराखंड पर हैं। वे केदारनाथ धाम पहुंच गए हैं। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा और 2024 लोकसभा चुनाव में जीत के लिए उन्होंने यहां पूजा-अर्चना की। उत्तराखंड कांग्रेस ने एक्स पर लिखा- राहुल उत्तराखंड की धार्मिक यात्रा पर हैं। इस दौरान कोई राजनीतिक आयोजन नहीं होगा। पूजा-अर्चना के बाद वे केदारनाथ के निर्माण कार्यों का भी जायजा लेंगे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डोंगरगढ़ पहुंचे मोदी, मां बंबलई का लिया आशिर्वाद

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ पहुंचे। उन्होंने यहां मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन और पूजन किए। उनके साथ पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह भी मौजूद रहे। इससे पहले पीएम मोदी जैन तीर्थ चंद्रगिरी गए और वहां आचार्य श्री विद्यासागर का आशीर्वाद लिया। इस दौरान जैन मुनि से प्रधानमंत्री ने करीब आधे घंटे तक चर्चा भी की। मोदी अपने निजी दौरे पर डोंगरगढ़ पहुंचें थे। बम्लेश्वरी मंदिर में पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया। आम लोगों की एंट्री पूरी तरह से प्रतिबंधित थी। वहीं पीएम को देखने की उत्सुकता में लोग रेलवे ट्रैक के पास मंदिर तक पहुंच गए। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

क्रिमिनल लॉ की जगह लेने वाले बिलों पर बैठक आज

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और एविडेंस एक्ट की जगह लेने वाले तीन विधेयकों की जांच कर रही संसदीय कमेटी आज बैठक करेगी। 27 अक्टूबर को हुई बैठक में कमेटी ने ड्राफ्ट रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया था। कुछ विपक्षी सदस्यों की दलीलों को ध्यान में रखते हुए समिति ने ड्राफ्ट पर और अध्ययन के लिए समय मांगा था। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम समेत कुछ विपक्षी सदस्यों ने कमेटी के अध्यक्ष बृज लाल से डॉफ्ट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विराट कोहली का 49वां वनडे शतक

सचिन के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी

कोलकाता (एजेंसी)। वर्ल्ड कप की टेबल टॉपर भारत और साउथ अफ्रीका के बीच मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम ने 5 विकेट पर 326 रन बनाए। विराट ने वनडे करियर का 49वां शतक लगाया। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के वनडे में सबसे ज्यादा शतक के वर्ल्ड की रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। वे बर्थडे पर वर्ल्ड कप सेंचुरी जमाने वाले भारत के पहले और दुनिया के 7वें बल्लेबाज बने हैं। वे 121 गेंदों में 10 चौके की मदद से नाबाद 101 रनों की पारी खेली। वहीं ऑलराउंडर रविंद्र जड़ेजा ने ताबड़तोड़ 15 गेंदों में 29 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस ने फुस्सी बम फोड़ा है, एटम बम तो हमने फोड़ा है : विजय बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। सांसद, पाटन भाजपा प्रत्याशी बीजेपी घोषणा पत्र के संयोजक विजय बघेल ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर तंज कसते हुए फुस्सी बम करार दिया। उन्होंने कहा कांग्रेस ने आज फुस्सी बम फोड़ा है। एटम बम तो हमने फोड़ा है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, कांग्रेस का घोषणा पत्र कहीं अकबर ने तो नहीं बनाया है। कांग्रेस ने हमारे घोषणा पत्र की कॉपी की है और बनावटी घोषणा पत्र बनाया है। बता दें कि बीजेपी की घोषणा पत्र के बाद रविवार को कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। बीजेपी छत्तीसगढ़ में कर्जमुक्त किसान चाहती है, किसान और हर वर्ग को सशक्त बनाना हमारी प्राथमिकता है। चुनाव के समय कांग्रेसी कर्जमाफी का शिगूफा छोड़ते हैं। 15 दिसंबर को बीजेपी सरकार के मुख्यमंत्री शपथ लेंगे और 25 दिसंबर को हम दो साल का बकाया बोनस किसानों को देंगे। कांग्रेस ने हमारे घोषणा पत्र की कॉपी की है और बनावटी घोषणा पत्र बनाया है। हमने अपने घोषणा पत्र में किसान और महिलाओं को सम्मान दिया है। बीजेपी के 3100 रूपये धान खरीदी के जवाब में कांग्रेस ने 3200 रूपये क्विंटल देने का ऐलान किया है।

प्रधानमंत्री देश के लोगों को गुलाम बनाना चाहते हैं :अखिलेश

टीकमगढ़ (एजेंसी)। टीकमगढ़ की चुनावी सभा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, 'एक तरफ वे (पीएम मोदी) कह रहे हैं कि गरीबी कम हो रही है और दूसरी तरफ ये कह रहे हैं कि राशन 5 साल और बढ़ेगा। ये ऐसा इसलिए करना चाहते हैं, क्योंकि ये लोगों को गुलाम बनाना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'अगर आपको राशन के नाम पर कुछ नहीं मिल रहा है तो आप भाजपा को वोट क्यों देंगे? कांग्रेस को भी वोट मत देना, ये बहुत चालू पार्टी है। कांग्रेस वोटों के लिए जाति आधारित जनगणना चाहती है।' अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए बनाए गए इंडिया गठबंधन में समाजवादी पार्टी खुद को सहज महसूस नहीं कर रही है। इस बात का अखिलेश यादव लगातार संकेत दे रहे हैं। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान सीटों को लेकर हुए विवाद के बाद सपा और कांग्रेस के बीच दूरियां बढ़ने लगी हैं। दरअसल, रविवार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एथिक्स कमेटी के चेयरमैन बेहूदा-बेशर्म : महुआ मोइत्रा

कोलकाता (एजेंसी)। संसद में सवाल के लिए पैसे मामले में फंसीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा एक बार फिर एथिक्स कमेटी पर निशाना साधा। उन्होंने रविवार 5 नवंबर को सोशल मीडिया एक्स (ट्विटर) पर लिखा कि कमेटी की तरफ से पूछे गए सवाल घटिया और अप्रासंगिक थे। इसके मेरे पास रिकॉर्ड हैं। एथिक्स कमेटी के चेयरमैन बेहूदा और बेशर्म हैं। महुआ ने आगे कहा कि यह जानकर मेरी रूह कांप रही है कि भाजपा मेरे खिलाफ क्रिमिनल केस बनाने की प्लानिंग कर रही है। मेरे पास कितने जोड़ी जूते जानने के बजाय सीबीआई और ईडी अडाणी पर 13000 करोड़ रुपए के कोयला घोटाले में एफआईआर करे। दरअसल, मोइत्रा 2 नवंबर को सुबह 10:50 बजे संसद की एथिक्स कमेटी के दफ्तर पहुंची थीं। पूछताछ बीच में ही छोड़कर महुआ करीब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहले चरण के चुनाव का प्रचार थमा

रायपुर/नवप्रदेश। पहले चरण के मतदान के 48 घंटे पहले पांच नवंबर को शाम पांच बजे प्रचार थम गया। पहले चरण के 20 सीटों पर दो अलग-अलग समय पर मतदान होगा। नक्सल प्रभावित व संवेदनशील मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 223 उम्मीदवार चुनावी मैदान पर हैं, जिनमें 198 पुरूष तथा 25 महिला हैं। पहले चरण के लिए 40 लाख 78 हजार 681 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष मतदाता, 20 लाख 84 हजार 675 महिला मतदाता तथा 69 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। पहले चरण के चुनाव के लिए कुल 5,304 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा में सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। वहीं पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी।

मंजूरी... अभी तक सिर्फ वुमन ऑफिसर्स को मिलती थी, अब महिला अग्निवीरों को भी मिलेगी

अब महिला सैनिकों को भी मिलेगी मैटरनिटी-चाइल्ड केयर लीव

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना में कार्यरत महिला सैनिकों, सेलर्स और एयर वॉरियर्स को भी अब मैटरनिटी लीव और चाइल्ड केयर लीव मिलेगी। रक्षा मंत्रालय ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इनमें महिला अग्निवीर भी शामिल हैं। अभी तक सेना में केवल हायर रैंक वुमन ऑफिसर्स को ही मातृत्व, बच्चे की देखभाल और चाइल्ड अडॉप्शन के लिए छुट्टियां दी जाती थीं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि यह फैसला सेना में सभी महिलाओं की भागीदारी के अनुरूप है, फिर चाहे उनकी रैंक कुछ भी हो। नियमों के विस्तार से सेना में पोस्टेड महिलाओं को परिवार और सामाजिक मुद्दों से डील करने में काफी मदद मिलेगी। साथ ही इससे सेना में महिलाओं की वर्किंग कंडीशन में भी सुधार होगा। वे पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में बैलेंस कर पाएंगी।

मिलती है 180 दिन की मैटरनिटी लीव

अभी महिला अधिकारियों को 180 दिनों की मैटरनिटी लीव मिलती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, महिला अधिकारी को 2 बच्चों के लिए पूरे वेतन के साथ 180 दिन की लीव मिलती है। महिला अधिकारियों को सर्विस के दौरान 360 दिनों की छुट्टी दी जाती है। इसके अलावा 1 साल से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने की तारीख के बाद 180 दिनों की छुट्टी मिलती है।

सेना में 7 हजार से ज्यादा महिलाएं

पीआईबी के मुताबिक मार्च 2023 तक भारतीय सेना में 7 हजार से ज्यादा महिलाएं विभिन्न पदों पर तैनात हैं। इनमें से 6 हजार 993 महिला अधिकारी थल सेना में, 748 नौसेना में और वायुसेना में महिला अधिकारियों की संख्या 1636 है। इनमें मेडिकल कॉर्प्स, डेंटल कॉर्प्स और मिलिट्री नर्सिंग सर्विस की महिलाओं को भी शामिल किया गया है। वहीं एक विशेष फैसले के दौरान करीब 108 महिलाओं को कर्नल रैंक पर भी प्रमोट किया जाना है।

संपादकीय

पाक : जब बोए बबूल तब फल कहां से होए

पड़ोसी देश पाकिस्तान जो आतंकवादियों की सुरक्षित शरणस्थली बनकर अब दुनिया में आर्तंकिस्तान के रूप में जाना जाता है। अब वह अपनी ही लगाई आग में खुद ही झुलस रहा है। भारत में आतंक की आग को हवा देने का काम करने वाला पाकिस्तान अब भारतीय सेना और सुरक्षाबलों की सर्तकर्ता के कारण कश्मिर घाटी में आतंकवादियों की घुसपैठ कराने की कोशिशों में सफल नहीं हो पा रहा है। नतीजतन पाकिस्तान ने जिन आतंकवादी संगठनों को पाला और पोसा है। अब वे उसी के लिए भस्मासुर बन रहे हैं। कहते है ना कि खाली दिमाग सैतान का घर होता है। उसी तरह खाली बैठे आतंकवादी अब पाकिस्तानी सेना को ही निशाने पर ले रहे हैं। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया और तीन लड़ाकू विमानों को जला दिया इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान के एक आतंकवादी संगठन तहरीक ए जिहाद ने ली है। आतंकवादियों की इस करततुत के बाद पाकिस्तानी सेना के साथ उनकी मुठभेड़ हुई जिसमें तीन सैनिक मारे गए वहीं दो आतंकवादी भी ढेर किए गए। पाकिस्तानी सेना के मुताबिक उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में तीन अलग-अलग स्थानों पर आतंकवादियों के साथ सेना की मुठभेड़ हुई है। इसके पूर्व दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान में आतंकवादियों ने पाकिस्तानी सुरक्षाबल के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया जिसमें 14 सैनिकों की मौत हो गई। पाकिस्तान के इस समय जैसे हालात है उसे देखकर यहीं लगता है कि वहां आतंकवादी संगठनों को सरकार और सेना से पर्याप्त दाना पानी नहीं मिल पा रहा है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। बढ़ती महंगाई ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। पाकिस्तानी सरकार के लिए खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। अमेरिका, चीन और अरब देशों ने पाकिस्तान को और मदद देने से इंकार कर दिया है। ऐसी स्थिति में पाकिस्तान इन आतंकवादी संगठनों की आर्थिक मदद नहीं कर पा रही है। संभवतः यही वजह है कि आतंकवादी संगठन सरकार पर दबाव बनाने के लिए पाकिस्तान में आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सांप को अगर दुध पिलाकर पालोगे और फिर उसे दुध पिलाना बंद कर दोंगे तो वह कांटेगा ही। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ आतंकवादियों की पूरी फौज तैयार कर रखी है। लेकिन अब वह इनका खर्च नहीं उठा पा रहा है। इधर अफगानिस्तान के साथ भी पाकिस्तान के संबंध लगातार खराब हो रहे हैं। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उसकी मंशा यह थी कि वह तालिबान का भारत के खिलाफ उपयोग करेंगा। लेकिन अब तालिबान ही पाकिस्तान के खिलाफ हो गया है। पाकिस्तान से अफगानिस्तान नागरिकों को बाहर निकालने पाकिस्तानी सरकार के फैसले के बाद तालिबान और पाकिस्तान के बीच ठन गई है। कुलमिलाकर पाकिस्तान अब अपनी ही करनी का फल भोगने जा रहा है। इसके बावजूद पाकिस्तान हेकड़ी दिखाने से बाज नहीं आ रहा है। अभी भी वह लगातार बेसुरा कश्मीर राग अलाप रहा है और कश्मीर घाटी में किसी बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहा है। इसके पहले की पाक अपने किसी नापाक इरादे को अमलीजामा पैनाने का दुश्षास करें भारत को चाहिए कि वह पाकिस्तान के आतंकी प्रशिक्षण शिविरों को नेस्तनाबुत करने के लिए सीमा पार फिर एक बार बड़ी सर्जिकल स्ट्राईक करें। यही सही समय है जब आतंक का पर्याय बन चुके पाकिस्तान को सबक सिखाया जा सकता है।

स्वयं की क्षमता, ऊर्जा को पहचाने

संजीव ठाकुर

स्वयं की क्षमता, शक्ति एवं ऊर्जा को पहचानना आज के नव युवकों के लिए अत्यंत आवश्यक है। स्वयं के विकास से तात्पर्य खुद के लिए रोजगार की तलाश और राष्ट्रीय हित में योगदान भी हो सकता है।

भारत की विशाल आबादी के हिसाब से भारत नौजवानों का देश है और भारत सरकार के लिए इतने युवा लोगों के लिए नौकरी उपलब्ध कराना संभव भी नहीं है कि सभी युवकों के लिए समुचित नौकरी का प्रबंध या इंतजाम कर सके। ऐसे में पढ़े-लिखे नौजवानों का यह महती दायित्व बन जाता है कि वह स्वयं की क्षमता को पहचान कर मेक इन इंडिया या स्वावलंबी होने का भरसक प्रयास करें। स्वयं की क्षमता को पहचानने वाला व्यक्ति समाज में एक आदर्श बनकर उभरता है और उसकी प प्रसिद्धि समाज में स्वयं हो जाती है। युवक स्वयं का रोजगार बनाकर न सिर्फ खुद की बेरोजगारी दूर करता है, बल्कि वह दूसरों के लिए भी रोजगार का साधन बन जाता है। यह राष्ट्रीय हित में अत्यंत आवश्यक समीचीन तथा राष्ट्रीय विकास के लिए एक अच्छे सूचक के रूप में सामने आता है। स्वयं अपनी क्षमताओं को पहचानना एवं अपने अंदर के उद्यमी को रोजगार के लिए उपयोग में लाना मनुष्य का एक तरह का अलंकार या आभूषण ही है जो मनुष्य के लिए सुखी होने का बड़ा स्रोत है। वैसे भी नौकरी करके युवा एक तरह से परतंत्र, पराधीन हो जाता है और अपनी क्षमताओं का खुलकर प्रयोग नहीं कर पाता यही कारण है कि राष्ट्र के समग्र विकास में उसकी क्षमताओं का सही उपयोग नहीं हो पाता। राष्ट्रीय योजना मेक इन इंडिया के अंतर्गत आव्हान किया गया है कि नौजवानों को अपनी शिक्षा,तकनीकी शिक्षा एवं स्किल का उपयोग कर भारत देश के लिए हर तरह के आवश्यक वस्तुओं का स्वयं निर्माण करें एवं दूसरे नौजवानों के लिए आदर्श स्थापित करें जिससे संपूर्ण देश स्वावलंबी बने। स्वयं की क्षमताओं को पहचानने वाला व्यक्ति स्वतंत्र ,स्वाभिमानी होकर स्वयं पर पूर्ण विश्वास करने वाला आत्मविश्वासी व्यक्ति होता है। ऐसे में भविष्य में राहों में जितनी भी मुश्किल है या कठिनाई आती है उसका वह अपने ज्ञान और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने से नहीं चूकता है। अपनी क्षमताओं को पहचानने के कारण व्यक्ति अत्यंत सरल, सहज एवं आत्मविश्वासी होकर दूसरों की मदद करने से भी पीछे नहीं हटता। स्वयं का रोजगार तलाशने या अपने लिए कोई उद्यम बनाने में युवाओं में जो ज्ञान प्राप्त होता है फल स्वरूप वह युवा अत्यंत त्यागी तथा समाज के लिए सेवा भाव भी रखने वाला होता है। स्वावलंबन से दूसरों पर निर्भर होने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती एवं अपने ही ज्ञान तथा क्षमता से वह उन्नति के सोपान चढ़ते जाता है, एवं राष्ट्र के लिए एक धरोहर की तरह होता है। खुद की क्षमता पहचान कर अपना उद्यम डालने से न सिर्फ समाज में विकास होता बल्कि देश में भी विकास के योगदान में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होता है। ऐतिहासिक तौर पर भी खुद की क्षमता पहचानने एवं अपनी उर्जा को सही दिशा में लगाने के कारण बड़े-बड़े महापुरुषों का जन्म हुआ है। जितने भी बड़े महापुरुष हुए हैं, वे पैदाइशी महापुरुष नहीं थे उन्होंने अपनी क्षमता, शक्ति एवं ज्ञान को पहचान कर उसमें समुचित एवं निरंतर परिश्रम कर एक नए मुकाम को हासिल किया था और तब ही वे महापुरुषों की श्रेणी में शामिल हुए हैं। पौराणिक तौर पर प्रभु श्री राम ने वन गमन कर रावण का वध किया और एक धार्मिक इतिहास बनाया। अपनी क्षमताओं को पहचान कर उसे सही दिशा देने का सबसे बड़ा उदाहरण एकलव्य है जिसने जंगल में धनुर्विद्या लगातार अभ्यास करके अर्जुन की तरह बहुत बड़े धनुर्विद्या के शूरवीर बने। कोलंबस ने भी अपनी शक्ति क्षमता को पहचानते अमेरिका की खोज की और गरीब मां बाप की संतान अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अमेरिका का सर्वोच्च पद प्राप्त किया। राइट ब्रदर्स ने अपने ज्ञान का समुचित विकास एवं उपयोग कर हवाई जहाज की खोज की। खुद की शक्ति एवं ऊर्जा के विकास और स्वावलंबन का सबसे बड़े उदाहरण महात्मा गांधी रहे जिन्होंने ना सिर्फ अपनी क्षमता को पहचाना बल्कि पूरे हिंदुस्तानियों को दिशा दिखा कर स्वतंत्रता का आह्वान कर स्वाधीनता प्राप्त की और महात्मा गांधी के रूप में भारत में स्थापित हुए। खुद की क्षमता एवं शक्ति को पहचानने से व्यक्ति भी महानता की श्रेणी में खड़ा होकर देश के विकास में एक बड़ा सोपान अर्जित करता है। इससे सिर्फ व्यक्ति ही महान नहीं बनता बल्कि देश को भी महान बनाने में उसका योगदान बहुत ज्यादा तथा महत्वपूर्ण होता है। मनुष्य अपनी क्षमताओं को वैसे तो आसानी से पहचान नहीं पाता है लेकिन यदि वह अपनी अंतर शक्ति, विशेषताओं को किसी भी उम्र में भी पहचान कर उसका देश के लिए समुचित उपयोग कर सकता है इसीलिए मेक इन इंडिया के लिए युवकों को अपनी क्षमताओं शक्ति तथा ऊर्जा को पहचान कर नए नए उद्यम लगाकर देश के विकास में सहयोग करना चाहिए। यह एक सकारात्मक चरित्र विकास की प्रथम पंक्ति होती है। इससे मनुष्य में और खासकर युवा वर्ग में निर्भीकता,कठोर श्रम करने की शक्ति एवं संयम जैसी विशेषताओं का प्रादुर्भाव होता है। व्यक्ति समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में चार चांद लग जाते हैं। उन्नत शिक्षित परिश्रमी एवं सदाचारी युवाओं से ही कोई राष्ट्र महानता की श्रेणी में पहुंच जाता है।

चिंतक, लेखक,
स्तंभ कार,
रायपुर छत्तीसगढ़,

जातिगत आरक्षण, जनसंख्या गणना और रेवड़ियां, देश को किस दिशा में ले जाएगी?

राजीव खंडेलवाल

आरक्षण के साथ ही पिछले कुछ समय से देश में जातिगत जनसंख्या की गणना की मांग न केवल जोर-शोर से की जा रही है, बल्कि बिहार सरकार ने तो न्यायालीन अवरोधों से निपट कर जातिगत गणना के परिणाम भी प्रकाशित कर दिए हैं। यद्यपि भारत में जनगणना अधिनियम 1948 लागू है, जिसके अंतर्गत सिर्फ केन्द्र सरकार ही जनगणना करा सकती है। बिहार का अनुसरण करते हुए राजस्थान की गहलोत सरकार तथा मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी जातिगत जनगणना कराने की घोषणा के साथ राहुल गांधी इसे आगामी चुनाव में मुख्य मुद्दा बनाते हुए दिख रहे हैं। वैसे वर्ष 2011 में यूपीए सरकार ने भी लगभग इसी तरह की जातिगत गणना "सोशियो इकोनॉमिक एंड कॉस्ट सेंसस" (एसइसीसी 2011) (सामाजिक आर्थिक और जातिगत जनगणना) कराई थी। तथापि उसके आंकड़े आज तक प्रकाशित नहीं हो पाए हैं।

जातिगत गणना के पीछे जो सबसे बड़ा तर्क दिया जा रहा है, वह है ''शेर से बाड़ भली'' कि जिसकी जितनी संख्या उसकी उतनी भागीदारी सुनिश्चित हो। अर्थात ''आरक्षण'' शब्दावली का उपयोग न किया जाकर भागीदारी शब्द का प्रयोग किया गया है, जो ''आरक्षण का ही एक स्वरूप'' है। लेकिन इस बाड़ से तो ''यारी का घर और दूर हो जायेगा'' क्योंकि यह मांग; आरक्षण की वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था से भी ज्यादा खतरनाक इसलिए है, की आरक्षण कानूनी संवैधानिक और तकनीकी रूप से एक अस्थायी प्रावधान है, जबकि भागीदारी की मांग एक स्थायी प्रावधान होगा और यह मांग सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सबका विकास की अवधारणा व भावना के विपरीत है।

अन्य शेष जातियों (सामान्य वर्ग) की जनगणना भी आवश्यक!

जातिगत जनगणना के साथ शेष बची अन्य जातियों (सामान्य वर्ग) की गणना करना इसलिए भी आवश्यक है कि जनता को यह जानकारी होनी चाहिए कि देश के वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, न्यायाधीश, प्रोफेसर, पत्रकार, उद्योगपति, व्यापारी, सीमांत कृषक, शासकीय, अर्ध शासकीय एवं अशासकीय सेवा में रत वर्ग कर्मचारी, खिलाडी, कलाकार, कथाकार, ज्योतिषज्ञ, ड्राइवर, कुशल-अकुशल मजदूर, दिहाड़ी मजदूर, आदि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति किन-किन जातियों में कितने-कितने हैं, तभी ''दूध का दूध और पानी का पानी'' हो पायेगा।

''जितनी संख्या उतनी भागीदारी''! मात्र सतही!

अब आप कल्पना कीजिए! जिसकी जितनी जनसंख्या उसकी उतनी हिस्सेदारी/ भागीदारी का अर्थ क्या है? क्या इस धरातल पर वस्तुतः उसी रूप में उतारा जा सकता है? यदि तर्क के लिए यह मान भी जाए तो किस तरह की स्थिति उत्पन्न होगी, इसकी कल्पना क्या आपने की है? भागीदारी का मतलब क्या सिर्फ सत्ता प्राप्ति का साधन ''राजनीति'' के क्षेत्र तक ही सीमित रहेगा या जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में जनसंख्या अनुसार भागीदारी होगी? क्या ''यह जहां का मुर्दा वही जलेगा'' वाली स्थिति होगी। अथवा ''सत्ता प्राप्ति के बाद'' ''जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में जनसंख्या अनुसार भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी''?

कल्पना कीजिए एक आंकड़ों (बिहार राज्य में) के अनुसार पिछड़े वर्गो में शामिल विभिन्न जातियों की कुल जनसंख्या (63 प्रतिशत) को एससी एवं एसटी की जनसंख्या के साथ मिलाने पर वह कुल जनसंख्या का लगभग 85 प्रतिशत (84.59 प्रतिशत) हो जाती है। अब क्या इस आधार पर क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी की टीम में 85 प्रतिशत खिलाड़ी इन वर्गो का होना आवश्यक हो जाएगा? फिल्मों में क्या स्थिति बनेगी? क्या ट्रेन के डिब्बों, बसों में भी यात्रियों की भागीदारी इसी तरह से सुनिश्चित की जाएगी? क्या कारखाने खोलने से लेकर नौकरी देने तक में भी ऐसी ही व्यवस्था हो पाएगी? राहुल गांधी जब पिछड़े वर्गे के आईएएस में भागीदारी के संबंध में आंकड़े देते हुए यह कहते है कि 90 सचिवों में सिर्फ 3 पिछड़ा वर्ग के है, जो देश का मात्र 5 प्रतिशत बजट संभालते हैं, के आंकड़ों की चर्चा करते हैं। तब उनका मतलब जनसंख्या के अनुसार भागीदारी क्या सिर्फ आईएएस तक ही सीमित होने तक है? परन्तु वे स्वयं जनता को यह नहीं बतलाते है कि एआईसीसी (कांग्रेस) के केंद्रीय व राज्यों के कार्यकलापों में पिछड़ा वर्गो के कितने कर्मचारी कार्यरत है? न ही राहुल गांधी से उनका विपक्ष यह प्रश्न करने की जुर्रत करता है। क्या भागीदारी सिर्फसत्ता पाने तक की ही सीमित रहेगी अथवा संवैधानिक दायित्व और सामाजिक उत्तरदायित्वों में भी उतनी ही होगी? इस तरह के सैकड़ों प्रश्न उत्पन्न होते हैं, जिनका जवाब राजनीति के चलते न तो मिल पाएगा और न ही कोई देना चाहेगा, बल्कि आपको ''पिछड़ा विरोधी'' घोषित कर दिया जाएगा।

50 प्रतिशत महिला भागीदारी? जितनी संख्या उतनी भागीदारी में कोई चर्चा नहीं?

लगभग 50 प्रतिशत महिलाओं की जनसंख्या होने के बावजूद ''जिनती संख्या उतनी हिस्सेदारी'' की बात करने वाले नेतागणों ने इन 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी पिछड़े वर्गो से सुनिश्चित करने का कोई ''कथन'' अथवा ''प्रतिबद्धता'' नहीं दर्शायी है, जो उक्त प्रतिपादित सिद्धांत के एकदम विपरीत है। आश्चर्य की बात तो यह है कि आरक्षण और जनसंख्या अनुसार हिस्सेदारी की बात करने वाले समस्त राजनेता गण चाहे किसी भी पार्टी के क्यों न हों, ''लंका में सब बावन गज के'' वे सब समाज के जातिगत विभाजन और जातिवाद का मंच पर विरोध करते हैं, समरसता की बात करते हैं, सबका साथ सबका विकास की बातें करते हैं। इस तरह इनका दो-मुंहापन स्पष्ट रूप से जनता के सामने परिलक्षित है। परन्तु साथ ही दुर्भाग्य की बात यह भी है कि जनता नेताओं के इस दोहरेपन पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया देने में असमर्थ है। ''वक्र चंद्रमहि ग्रसहु न राहू'' फिर वह कोई भी व्यक्ति हो, चाहे आरक्षित वर्ग का हो अनारक्षित वर्ग का हो या पिछड़ा वर्ग का हो।

''रेवड़ी'' या ''जरूरी न्यूनतम आवश्यकता''।

देश में इस समय ''जनहित'' लोकहित के नाम पर रेवड़ियां अथवा आर्थिक रूप से बेहद कमजोर वर्ग की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु 'मुफ्त' या 'सब्सिडी' के साथ जीवनदायी सुविधा देने, बांटने का कार्य केंद्र से लेकर लगभग हर राज्य की सरकारें कर रही हैं । एक लोकप्रिय और जनोन्मुखी सरकार के लिए कौन सी सुविधाएं रेवड़ियां है और कौन सी या जरूरत मंद आवश्यकताएं है, इनके बीच बहुत ही बारिक ''लक्ष्मण रेखा'' है। प्रधानमंत्री स्वयं कई बार कह चुके हैं, रेवड़ी बांटना संस्कृति (कल्चर), बंद करना होगा। परंतु कई बार केंद्रीय सरकार भी जनता की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति करते-करते लक्ष्मण रेखा को पार कर ''रेवड़ी'' बांटने में लग जाती हैं इसलिए 'रेवड़ी' संस्कृति पर रोक कानूनी प्रक्रिया द्वारा ही लगाई जा सकती हैं। क्योंकि ''जब ''देने'' वाला ''राजी'' और ''लेने'' वाला राजी तो क्या करेगा काजी''। '

(लेखक वरिष्ठ कर सलाहकार एवं पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष है)

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1740 सैमुअल रिचर्डसन की लोकप्रिय और प्रभावशाली पत्रिका पामेला या सदाचार पुरस्कृत पुस्तक लंदन में प्रकाशित की गयी। 1789 पोप पायस VI ने फादर जॉन कैरोल को संयुक्त राज्य में पहले कैथोलिक बिशप के रूप में नियुक्त किया। 1792 जेमप्प्स की लड़ाई: फ्रेंच सेना पवित्र रोमन साम्राज्य को हरा दिया। 1813 मैक्सिको ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की। 1850 येर्बा, ब्यूना, और एंजिल द्वीप (एसएफ़ बे) सैन्य उपयोग के लिए आरक्षित किया गया। 1856 अंग्रेजी लेखक जॉर्ज एलियट द्वारा पहला काम लिपिक जीवन के दृश्य, प्रकाशन के लिए प्रस्तुत किया गया था। 1860 अब्राहम लिंकन अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति चुने गए। 1865 एपोमैटॉक्स कोर्टहाउस की लड़ाई को अमेरिकी गृहयुद्ध को प्रभावी रूप से समाप्त करने के महीनों बाद, सीएसएस शेनानडोआ ने ग्लोब ओना क्रूज पर प्रसारित होने के बाद आत्मसमर्पण करने वाली अंतिम कंफेडरेट मुकाबला इकाई बन गई, जिस पर उसने 38 जहाजों को डुबोया या कब्जा किया। 1869 पहले आधिकारिक अमेरिकी फुटबॉल खेल में, न्यू जर्सी के न्यू ब्रंसविक में रटगर्स कॉलेज ने न्यू जर्सी के कॉलेज को 6-4 से हराया।

QUIZ TIME

1) पैरा एशियन गेम्स 2023 में भालाफेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल ने कौन सा पदक जीता है?

2) हाल ही में आस्ट्रेलिया के सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में किस भारतीय खिलाड़ी के नाम पर एक गेट का अनावरण किया है?

3) रानी चेनम्मा, रायप्पा के नेतृत्व में कित्तूर विद्रोह कहाँ हुआ था?

4) कौन-सी नदी प्रारम्भ में अरूण नदी के नाम से जानी जाती है?

5) केरल के सर्वोच्च सम्मान केरल ज्योति पुरस्कार के लिए किसे चुना गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) स्वर्ण पदक (2) सचिन तेंदुलकर (3) कर्नाटक (4) कोसी (5) मलयालम लेखक टी. पद्मना

आज का पंचांग

सूर्य : तुला, चंद्र : कर्क, मंगल : तुला (अस्त, पश्चिम, मार्गी), बुध : तुला (अस्त, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

सूर्योदय: 06:43, सूर्यास्त: 05:38
चन्द्रोदय: 23:55, चन्द्रास्त: 13:19

अयन दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु: हेमन्त, शक सम्वत: 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत: 2080 (पिंगल), मास : कार्तिक, पक्ष : कृष्ण, तिथि : नवमी, नक्षत्र : आश्लेशा

योग : शुभ (13:37 से शुक्ल), प्रथम करण : बालव (14:06 तक), द्वितीय करण : कौलव (27:18 तक), ॥

गोचर ग्रहा: ॥

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:38 से 12:22, रविपुष्य योग 06:33 से 10:29, वर्थिसिद्धि योग 06:33 से 10:29, विजय मुहूर्त 13:49 से 14:33, गोधूलि मुहूर्त 17:27 से 17:53, सायाह्न सन्ध्या 17:27 से 18:46, निशिता मुहूर्त 23:34 से 24:27, राहुकाल 07:30 से 09:00, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:00 से 13:22, होमाहुति गुरु (10:29 से राहु), दिशाशूल पश्चिम, अग्निवास आकाश, चन्द्रवास उत्तर, शिववास गौरी के साथ (27:18 से सभा में)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेष : आपका आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा आज प्रातः काल में किसी परिजन से तकरार होने के कारण दिन भर मन खिन्न रहेगा।

वृष : आज का दिन आपके अनुकूल बीतेगा। प्रातः काल से ही हर परिस्थिति पर आपकी पकड़ रहेगी।

मिथुन : आज के दिन आपको प्रारब्ध अनुसार जितना मिले उसी में संतोष कर लेंगे। परन्तु फिर भी अंदरूनी तौर पर मन में कुछ ना कुछ कमी बनी रहेगी।

कर्क : आपका आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसाय नौकरी में मनचाही उन्नति मिलने से दिन भर प्रसन्न रहेंगे। आज आपके विचारो से सभी प्रभावित रहेंगे।

सिंह : आज के दिन क्रोध अथवा अहम् की भावना बने बनाये कार्यो पर पानी फेर सकती है इसलिए ख़ास कर व्यावसायिक एव सामाजिक क्षेत्र पर विवेक पूर्ण व्यवहार रखे।

कन्या : आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज प्रत्येक क्षेत्र में विरोधी परास्त होंगे।

तुला: आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज दिन भर शारीरिक रूप से चुस्त बने रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

वृश्चिक : आपका आज के दिन का अधिकांश समय आराम से व्यतीत होगा। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में योगदान देने से यश एवं सम्मान की प्राप्ति होगी।

धनु: आपका आज का दिन सामान्य रहेगा लेकिन आज सेहत की अनदेखी करना आगे के लिये भारी पड़ सकता है।

मकर: आपका आज का दिन शुभ रहेगा। आज कार्य क्षेत्र पर अनुकूल वातावरण मिलने से उत्साह में वृद्धि होगी।

कुंभ: आपका आज का दिन सामान्यतः शुभ ही रहेगा। सेहत छोटी मोटी तकलीफों को छोड़ अनुकूल बनी रहेगी।

मीन : आज के दिन आप ज्यादा मेहनत करने के पक्ष में नहीं रहेंगे परन्तु पुराने कार्यो अथवा कार्य क्षेत्र पर व्यवस्था बनाने में काफी परिश्रम करना पड़ेगा। मन में यात्रा के विचार दुविधा में डालेंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -236

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 235 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

कांग्रेस का घोषणा पत्र निपट लबारी पत्र : डॉ. रमन

- पिछली बार भी जारी किया था उसका हिसाब दें
- भाजपा के संकल्प पत्र की कापी है घोषणा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए रविवार 5 नवंबर को कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी किया। इसपर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे कांग्रेस का लबारी पत्र बताया। ऐसा ही एक लबारी पत्र कांग्रेस ने पिछली बार भी जारी किया था। जनता ने उसपर भरोसा किया था लेकिन सत्ता में आने के बाद पिछले 5 साल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सिर्फ़ जनविरोधी कार्य किए, कांग्रेस को तो नया लबारी पत्र जारी करने की जरूरत भी नहीं थी, पुराने घोषणा पत्र का ही एक भी वादा ठीक से पूरा नहीं हुआ है 5 साल मुख्यमंत्री रहने के नाते भूपेश बघेल का ये दायित्व था कि वो पहले पिछले घोषणा पत्र के वादों का हिसाब दें।

उन्होंने कहा कि इस लबारी पत्र में कोई दम नहीं है, 4 पन्नों का लबारी पत्र है जिसमें मात्र 20 बिंदु हैं वो उसमें भी कुछ पिछले घोषणा पत्र के और कुछ भाजपा के संकल्प पत्र के वादे कॉपी किए गए हैं।

कांग्रेस सरकार के 4 पन्नों के लबारी पत्र में और 56 इंच का सीना रखने वाले भाजपा के 56 पन्नों के संकल्प पत्र में बहुत फर्क है, भाजपा के 56 पन्नों के संकल्प पत्र में मोदी जी की हर वर्ग, हर व्यक्ति के लिए गारंटी है।

कांग्रेस ने पिछले 5 साल किसानों के लिए बड़ी-बड़ी बातें की लेकिन इस लबारी पत्र में उनकी हकीकत सामने आ गई है, इन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र की कॉपी करके धान में 100 रूपए तो बढ़ाए लेकिन नक़ल के लिए भी अकल चाहिए।

कांग्रेस कहती है कि 3200 रूपए प्रति क्विंटल में एक एकड़ का 20 क्विंटल धान खरीदेगी जबकि भाजपा 3100 रुपए प्रति क्विंटल में एक एकड़ का 21 क्विंटल धान खरीदेगी।

अब साधारण गणित है कि कांग्रेस के हिसाब से (3200म20 = 64,000) एक एकड़ पर किसान को ?64 हजार मिलेंगे वहीं अगर भाजपा (3100म21 = 65,100) देगी, जिसमें किसान को प्रति एक एकड़ पर 1100 ज्यादा मिलेंगे।

इसके साथ ही भाजपा पिछले 2 साल का बकाया बोनस भी 25 दिसम्बर को किसानों को देने जा रही है, जिसका जिक्र भी कांग्रेस ने अपने लबारी पत्र में नहीं किया है।

साथ ही कांग्रेस द्वारा औद्योगिक पार्क स्थापित करने की घोषणा पर पूर्व सीएम ने कहा कि पिछली बार भी कांग्रेस ने 200 फूड पार्क बनाने की घोषणा की थी और आज तक 2 फूड पार्क भी नहीं बना यह सिर्फ़ झूठे वादे करते हैं।

पूर्व सीएम ने आगे युवाओं और महिलाओं को लेकर कहा कि आप कांग्रेस का लबारी पत्र ध्यान से देखेंगे तो आपको दिखाई देगा कि इसमें ना तो युवाओं के लिए रोजगार संबंधित कोई घोषणा है और ना ही महिलाओं को सशक्त करने के लिए कोई नीति है इन्होंने युवाओं को सिर्फ बेरोजगारी भत्ते पर आश्रित कर दिया है जो कि यह पिछली बार की तरह 4 साल बाद देंगे और वह भी इतने कड़े नियमों के साथ की 99 फ़ीसदी युवा उस नियम से बाहर हो जाएंगे वहीं आप भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र देखीए जिसमें न केवल महिलाओं को 500 रूपए में गैस सिलेंडर और सालाना 12,000 रूपये की वित्तीय सहायता है बल्कि 2 साल में प्रदेश के एक लाख युवाओं को शासकीय पदों पर भर्ती की महत्वपूर्ण घोषणा भी है।

भाजपा के संकल्प पत्र के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारे पास छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य के लिए अगले 5 साल का रोड मैप है प्रदेश के विकास का ब्लूप्रिंट है जबकि कांग्रेस के पास सिर्फ 4 पन्नों तक सीमित और 4 लोगों द्वारा बनाया गया एक खोखला लबरी पत्र है।

इसके अलावा आदिवासी विकास पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी अंचलों के विकास के लिए पिछले 5 साल में कांग्रेस सरकार ने कुछ नहीं और इस लबारी पत्र में भी आप देखेंगे तो इन्होने सिर्फ तेंदूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक बढाकर 6 हजार देने का वादा किया है और पिछले 5 साल से तेंदूपत्ता का बोनस खाने वाली कांग्रेस ने 4 हजार बोनस देने का वादा किया है यानी कुल लाभ 10 हजार इसके अलावा और कुछ नहीं है जबकि भाजपा के संकल्प पत्र में हमने 5500 रूपए पारिश्रमिक और अतिरिक्त संग्रहण करने वालों को 4500 रूपए बोनस देने जा रहे हैं यानी कुल 10 हजार और इसके अलावा आदिवासी विकास के लिए हम संग्रहण के दिनों में बढ़ोत्तरी कर 15 दिन करेंगे, चरण पादुका योजना पुनः शुरु करेंगे, जनजाति कल्याण हेतु 5 लाख वनाधिकार पट्टे वितरित करेंगे, फड़ मुंशीयों को कमीशन के अतिरिक्त 25 हजार रूपए वार्षिक मानदेय प्रदान करेंगे, हम राज्य के प्रत्येक जनजातीय परिवार को आजीविका में बढ़ोतरी हेतु 2 बकरियां देंगे, हम आदिवासी छात्रों के लिए 100 विश्व स्तरीय आवासीय विद्यालय बनाएंगे, हम प्रत्येक देव गुड़ी के लिए ?5 लाख रुपये तक की अनुदान सहायता प्रदान कर राज्य में सभी देव गुड़ियों को मजबूत करेंगे।

धार्मिक विकास को लेकर पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने किसी भी धर्म और सांकृति को लेकर कोई घोषणा नहीं की है इससे यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस के लिए धर्म और लोगों की आस्था सिर्फ़ राजनीति का विषय है।

साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने जिस प्रकार वादा खिलाफी की उससे उन्हें पता था कि वो दोबारा सत्ता में नहीं आयेंगे इसलिए जितना लूट सकते थे लूट कर लिए अब उनको अपनी हार दिख गई है इसलिए उनकी घोषणा पत्र समिति ने भी सोचा कि जब हार ही रहे हैं तो ज्याद मेहनत क्यों करना, 4 पेज के घोषणा पत्र में 20 बिंदु डाले और औपचारिकता पूरी की, पिछली बार इन्होने राहुल गाँधी के हाथों से लबारी पत्र जारी करवाया था, गंगाजल की कसम खिलवाई थी लेकिन कोई वादा पूरा नहीं किया और राहुल गाँधी को भी ठग दिया इसीलिए इस बार इनके कोई बड़े केन्द्रीय नेता तक नहीं आए।

घर में चोरों का धावा

- आधा घंटा के अंदर घटना की दिया अंजाम, दो संदिग्ध युवक को घूमते देखा था

पाटन/नवप्रदेश। पाटन थाना के ग्राम तर्रा में आज एक गरीब मजदूर के घर शाम को चोरी हो गई। शाम को करीब चार बजे गांव में रहने वाले निरंजन यादव और उसकी पत्नी काम करने गांव में ही दो लोगो के घर गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर ने घटना को अंजाम दिया। पीड़ित निरंजन यादव घटना की रिपोर्ट लिखाने पाटन थाना गए है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम तर्रा में रहने वाले निरंजन यादव और उसकी पत्नी गांव में ही मजदूरी करते है। आज शाम को करीब चार बजे घर में ताला लगाकर वे दूसरे के घर में काम करने गए थे। आधे घंटे में वापस आया तो देखा तो घर का दरवाजा खुला था और समान बिखरा हुआ था। पेटी खुला हुआ था। जिसमे सोने चांदी को गहने रखे थे। जो नही था। घटना की जानकारी आसपास रहने वाले लोगो को दिया। इस घटना में यादव परिवार को पूरा अब तक के जीवन भर कमाई कर बनाए गई पूंजी पार हो गई। जानकारी मिली है की दो

युवक लोहरसी की तरफसे आया था। आसपास के लोग उन दोनो युवाओं से पूछा तो गैस कनेक्शन का सर्वे करने की बात कही।

सीसी टीवी से हो सकता है मामले का खुलासा

जानकारी के मुताबिक संदिग्ध युवकों की पहचान सीसी टीवी से भी की का सकती है। आसपास कहा पर सीसी टीवी लगा होगा उसकी जानकारी पुलिस को जुटानी होगी।

आसपास के ही युवक ही हो सकते है: घटना को करीब आधा घंटे के भीतर ही अंजाम देने से यही अंदाजा लगाया जा रहा है की इस घटना में तर्रा लोहारसी या फिर आसपास के गांव के ही युवक हो सकते ही। इस दिशा में भी पुलिस को जांच करनी चाहिए ।

इलेक्शन बूथ में स्वच्छता और श्रमदान

भिलाई/नवप्रदेश। 17 नवंबर को मतदान करने को ध्यान में रखते हुए मतदाता जागरूकता हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गतिविधियों की इस श्रृंखला में 5 नवंबर को सीनियर सेकंडरी स्कूल, सेक्टर -7 के पोलिंग बूथ में सुबह 10.30 बजे से स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान का आयोजन किया गया था।

इस कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं एवं सी एस आर) जे वाई सपकाले, महाप्रबंधक प्रभारी (नगर सेवाएं) विजय शर्मा, महाप्रबंधक (कार्मिक) सीमा मैथ्यू, महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) जे एन ठाकुर, महाप्रबंधक (नगर सेवाएं) के के यादव, उप महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) विकास चंद्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्रमदान किया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा स्वच्छता और अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की शपथ ली। स्वच्छता और मतदान करने की शपथ सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) तुषार रायचौधरी ने दिलवाई। श्रमदान अभियान में भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी विभागों के सदस्य, नागरिक, खिलाड़ी और हमारे शहर भिलाई को स्वच्छ रखने वाले स्वच्छता वीरों ने भाग लिया। इसी कड़ी में सोमवार 6 नवंबर को सिविक सेंटर के पास रेल चौक में शाम 4.30 बजे मानम श्रृंखला का भिलाई इस्पात संयंत्र ने आयोजन किया हैं। इसमें संयंत्र बिरादरी के सदस्य, नागरिक, खिलाड़ी, संयंत्र के कार्मिक और अधिकारी, ठेका श्रमिक भाग लेंगे। साथ ही 7.30 बजे से पायोनियर मान्यूमेंट में नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है।

पाटन में आप का जनसंपर्क जारी

पाटन/नवप्रदेश। पाटन विधानसभा में चुनावी रंग अब चढ़ने लगी है। गांव गांव में चुनाव का खुमार दिखने लगा है। एक तरफ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नुक्कड़ सभा ले रहे है वही आम आदमी पार्टी के अमित हिरवानी साहू भी पूरे दमखम के साथ चुनावी समर में है। उनका प्रचार धुंआधार चल रहा है। वे घोषणा पत्र केजरीवाल की गायरंटी को अपने समर्थकों के साथ घर घर तक पहुंचा रहे है। शनिवार को दक्षिण पाटन के ग्राम बेल्हारी, जाम गांव आर, केसरा, बोरेंदा , कोही में कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई। इसके बाद घर घर जाकर जनसंपर्क भी किया गया।

आम आदमी पार्टी से पाटन में चुनाव लड़ रहे अमित हिरवानी साहू ने जनसंपर्क के दौरान पत्रकारों से चर्चा में कहा की आम आदमी पार्टी के चुनावी समर में आने से कांग्रेस बहुत परेशान है। उन्होंने कहा की भाजपा तो कही मैदान पर नजर नहीं आ रहा है। उनका काम कार्यकर्ता पूरी तन्मयता के साथ कर रही है। आम आदमी पार्टी के साथ पहले भी हजारों कार्यकर्ता जुड़ है। अभी आम मतदाता भी आप पार्टी के साथ जुड़ कर केजरीवाल और अमित हिरवानी साहू को मजबूत करने में लगे है।

सेलूद के पूर्व सरपंच दयाराम सोनवानी कांग्रेस में शामिल

पाटन/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य में किए गए कार्यों से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत सेलूद के पूर्व सरपंच दयाराम सोनवानी ने आज कांग्रेस प्रवेश की घोषणा किया। आज सीएम चैतन्य बघेल के जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कांग्रेस प्रवेश किया और दिन भर कांग्रेस के लिए जनसंपर्क किया। इस दौरान कांग्रेस नेता जवाहर वर्मा, आशीष वर्मा , बबलू मार्कण्डेय, जयश्री वर्मा, बल्लू राय, अजय राजपूत, सहित वरिष्ट कांग्रेसी सहित युवाओं की टीम उपस्थित रही।

ईवीएम कमीशनिंग का अफसरों को मिला प्रशिक्षण

बिलासपुर। विधानसभा निर्वाचन के तहत जिले के 06 विधानसभाओं के लिए नियुक्त सेक्टर ऑफिसरों को ईव्हीएम कमीशनिंग का प्रशिक्षण दो पालियों में आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में दिया गया। पहली पाली में मस्तूरी, तखतपुर एवं कोटा विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर अधिकारी एवं कमीशनिंग दल के सदस्य शामिल हुए वहीं दूसरी पाली में बिल्हा, बिलासपुर एवं बेलतरा विधानसभा के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण हुआ। कमीशनिंग का अर्थ होता है ईवहीएम मशीनों को मतदान के लिए तैयार करना।

एमएमएस फर्जी, मेरी छवि खराब करने की कोशिश : देवेन्द्र यादव

- भाजपा गंदी राजनीति कर रही

भिलाई/नवप्रदेश। भाजपा के नेता मेरा सार्वजनिक जीवन ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत जीवन की भी हत्या कर रहे हैं। एक फर्जी वीडियो जारी करके मेरी छवि को खराब करने की कोशिश की जा रही है। अगर भाजपा नेता चुनाव जीतना चाहते हैं तो वह आए चुनावी मैदान में और सीधे-सीधे चुनाव लड़े और सच्चाई से चुनाव जीते। लेकिन यह झूठे लोग हैं और शहर में झूठ फैला कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे है। यह बातें भिलाई नगर के युवा विधायक देवेंद्र यादव ने कही। देवेंद्र यादव ने रविवार को दोपहर 3:00 बजे अपने सेक्टर 5 स्थित निवास में प्रेस वार्ता ली। जहाँ मीडिया के सामने विधायक देवेंद्र यादव ने बताया कि चुनावी समय में भाजपा के नेता अब तक उनके ऊपर कई तरह के आरोप लगा रहे थे लेकिन अब वे भाजपा के नेता गंदगी फैलाने में जुटे हैं और एक फर्जी गंदी वीडियो बनाकर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। श्री यादव ने बताया कि इसकी सूचना उन्हें कुछ माह पहले ही मिली थी। तभी उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस प्रशासन से की थी। पुलिस ने मामले की जांच भी की है और पुलिस को यह भी पता चलना है की सबसे पहले यह वीडियो हैदराबाद से जारी हुआ था। इसके

बाद यहाँ जिस नम्बर से जारी किया गया वह नम्बर भी पुलिस के पास है,लेकिन वह नंबर लगातार बंद है। भिलाई में कुछ भाजपा नेता उस फर्जी वीडियो को वायरल करके झूठे फैला रहे है, की वह देवेंद्र यादव का वीडियो है। जबकि वह वीडियो उनका है ही नहीं। शिकायत के बाद उन्होंने फॉरेंसिक जांच भी करवाई है। जिसकी रिपोर्ट भी उन्होंने मीडिया को दी है। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा के नेता मेरे व्यक्ति का जीवन पर भी प्रहार कर रहे हैं। मुझे बदनाम करें की कोशिश की जा रही है लेकिन भिलाई की जनता काफी समझदार है। मेरी भी परिवार है,माँ, बच्चा , पत्नी, भतीजे भाई, हजारों बहाने मुझे राखी बांधती है। वे सब जानते है, मेरा ईश्वर जनता है सच्चाई क्या है। मेरे साथ जिस तरह से भाजपा के नेताओं ने गलत व्यवहार किया है या मानवीय दृष्टि से भी गलत है। मीडिया से बात करते-करते विधायक देवेंद्र यादव रो पड़े और उन्होंने रोते हुए कहा कि भाजपा के नेता को चुनाव जीतना है तो जीत जाए, जो करना है करे पर इस तरह की गंदी राजनीति न करें। आज नहीं वे मुझे हराने के लिए कई माह पहले ही उन्होंने यह घिनौना षड्यंत्र रचा था।

सीएम आज कुथरेल में

दुर्ग। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों के स्टार प्रचारकों का दौरा का सिलसिला जारी है। पार्टियों के बड़े नेता अपने प्रत्याशियों के समर्थन करने प्रदेश पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार 6 नवंबर को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पक्ष में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी अपने प्रत्याशियों के समर्थन करने ग्राम कुथरेल के लीला मैदान में दोपहर 2 बजे पहुंचेंगे।

सीएम कुर्सी छोड़ें और जनता को दें जवाब : सिध्दार्थनाथ

- बीजेपी बोली- जब मेड़ ही खेत खाने लगे तो बेचारा खेत (जनता) क्या कर सकता है

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय मीडिया संयोजक एवं प्रयागराज विधायक सिध्दार्थनाथ सिंह ने आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महादेव एप के सूत्रधार शुभम सोनी के सनसनी खेज खुलासे का ऑडियो विजुअल दिखाते हुए सीधे तौर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर हमला बोलते कहा कि जब मेड़ ही खेत खाने लगे तो बेचारा खेत (जनता) क्या कर सकता है। उन्होंने कहा कि दुबई में बैठा आरोपी स्वयं वीडियो भेजकर महादेव एप की सारी कथा सुनाते हुए बता रहा है कि महादेव एप के तार कहां-कहां और किस-किस तक जुड़े हुए है। अब हमारा स्पष्ट कहना है कि भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री के पद पर तीस दिन तो क्या एक मिनट भी बैठने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। भूपेश बघेल फौरन मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देकर जनता के बीच जाएं और बताएं कि यह जो शुरुआती 5000 करोड़ का महादेव एप

घोटाला है जिसके जरिये छत्तीसगढ़ की जनता को लूटा गया है और इतना ही नहीं शुभम को दुबई भेजकर सट्टे का कारोबार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

भाजपा केन्द्रीय मीडिया संयोजक सिध्दार्थनाथ सिंह ने कहा कि शुभम सोनी वह व्यक्ति है जिसको ईडी ने समन भी किया था वह आया नहीं था मगर उसने एक अपना वीडियो भेजा है, यह अनकट है। इसलिए मीडिया को इसे पेश कर रहे है। उन्होंने कहा कि महादेव एप का वन ऑफ द ओनर जो कह रहा है उससे कुछ चीज साफ होती है। शुभम सोनी सिंडिकेट ऑपरेट कर रहा था। इस सिंडिकेट का पॉलिटिकल माध्यम क्या था, इस सिंडिकेट का या पॉइंट ऑफ कांटेक्ट क्या था उन्होंने बार-बार वर्मा का नाम लिया है। मुख्यमंत्री परेशान क्यों होते हैं क्योंकि वहां भी संबंध है इसलिए दिल्ली भाग के भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लेते हैं।

कवर्धा का एक एसपी है उनका नाम है अभिषेक। पुलिस वाले किस तरह से चैनल चलाते हैं। सौरभ चंद्राकर का भी नाम है। आरोपी खुद बता रहा है कि रुपए एठने की शुरुआत 10 लाख रुपए से हुई उसे मुख्यमंत्री से मिलवाते है, वर्मा से मिलवाते हैं। चंद्राकर और रवि उप्पल से उसकी भेंट हो जाती है उसके साथ वह बिजनेस करता है उनको अपना एडवाइजर रख लेता है वह कौन लोग हैं।

भाजपा केन्द्रीय मीडिया संयोजक सिध्दार्थनाथ सिंह ने कहा कि महादेव एप सिंडिकेट का सच सामने आ गया है। छत्तीसगढ़ की जनता को सट्टे के कारोबार के जरिये सरकार ने ही लुटवा दिया। ऐसी सरकार को जनता 3 दिसम्बर को उखाड़कर फेंकने ही वाली है लेकिन तब तक भी उन्हें कुर्सी पर बैठने का अधिकार नहीं है। यदि थोड़ी सी भी नैतिकता बाकी रह गई हो तो भूपेश बघेल कुर्सी छोड़कर जनता को जवाब दे कि छत्तीसगढ़ को क्यों लूटा गया है।

प्रेस कांफ्रेंस में ये रहे मौजूद

पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता दीपक म्हस्के, केदारनाथ गुप्ता, नलिनीश ठोकने, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल मौजूद रहे।

चुनई-चिरई : पहले चरण का चुनावी शोरगुल थमा

- 223 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे 40 लाख 78 हजार मतदाता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 7 नवम्बर को होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए आज प्रचार का शोर थम गया। प्रथम चरण में 7 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए आज दूरस्थ मतदान केंद्रों के मतदान दलों को रवाना किया गया। इनमें कई मतदान दलों को हेलिकॉप्टर से रवाना किया गया है।

प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 223 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिनमें 198 पुरूष तथा 25 महिला हैं।

प्रथम चरण के मतदान के दौरान प्रदेश के 40 लाख 78 हजार 681 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष मतदाता, 20 लाख 84 हजार 675 महिला मतदाता तथा 69 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। सुगम मतदान सुनिश्चित करने के लिए कुल 5304 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 200 संगवारी मतदान केंद्र हैं जहां सिर्फ महिला मतदान कर्मी ही पदस्थ रहेंगी।

प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में से दस विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक तथा दस विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। इनमें पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे आठ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। वहीं मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्रों में सवेरे सात बजे से दोपहर तीन बजे तक वोट डाले जाएंगे।

राज्य में प्रथम चरण में मतदान वाले अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 13, भानुप्रतापपुर में 14, कांकेर में 9, केशकाल में 10, कोंडागांव में 8, नारायणपुर में 9, बस्तर में 8, जगदलपुर में 11, चित्रकोट में 7, दंतेवाड़ा में 7, बीजापुर में 8 , कोंटा में 8, खैरागढ़ में 11, डोंगरगढ़ में 10, राजनांदगांव में 29, डोंगरगांव में 12, खुज्जी में 10, मोहला-मानपुर में 9, कवर्धा में 16 तथा पंडरिया में 14 अभ्यर्थी निर्वाचन में भाग ले रहे हैं।

भाजपा संकल्प पत्र से विकसित होगा राज्य का विकास

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जनपद पंचायत अध्यक्ष व भाजपा नेत्री प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी ने भाजपा के घोषणा पत्र को सुनहरे छत्तीसगढ़ का संकल्प बताया है। उन्होंने कहा कि-किसान और धान को हर स्तर पर लाभ देने के वायदे के साथ भाजपा ने छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास की बात की है। विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ विकसित छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प भाजपा ने लिया है, जो कि अब तक की सबसे बड़ी योजना साबित होगी।

71 पौवा शराब के साथ दो कोचिए गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। नांदघाट पुलिस ने स्कूटी से शराब का अवैध परिवहन करते दो कोचियों को पकड़ा। उनके पास से 71 पौवा शराब जप्त की गई। जिसके तहत नवंबर को थाना नांदघाट में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री हेतु परिवहन करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 2 आरोपीयों डोमन निषाद पिता शिवकुमार निषाद उम्र 19 साल, कुशल निषाद पिता शिवकुमार निषाद साकिनान अकोली थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा ×4 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कुल 71 पौवा देशी प्लेन/मसाला/अंग्रेजी शराब किमती 7910 रूपये एवं एक स्कुटी कीमती 20000 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

43 पौवा शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस को मिली सूचना पर कार्र्वाई करते हुए ग्राम ग्रिधवा से एक आरोपी के पास से 43 पौवा शराब जप्त की। ग्राम गिधवा थाना नांदघाट में आरोपी कृष्ण कुमार वर्मा के रिहायशी मकान की तलाशी ली गई, मौके पर आरोपी के कब्जे से 43 पौवा देशी मसाला शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) 59.क के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही हैं। उक्त रेड कार्यवाही में आबकारी वृत्त नवगढ़ प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक निवेदिता मिश्रा के साथ आब. उप निरीक्षक सहदेव मरकाम, उप निरीक्षक दयालाल साहू, आरक्षक संतोष कुमार अहिरवार, महेंद्र नाग, नरेंद्र ठाकुर, संतोष, संजय सिंह एवं वाहन चालक लोकेश का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा।

प्रथम पेज का शेष

केदारनाथ धाम पहुंचे राहुल...
इससे पहले 2015 में राहुल गांधी पैदल यात्रा करके केदारनाथ धाम पहुंचे थे। 25 अप्रैल से शुरू हुई चारधाम यात्रा के कपाट नवंबर में 6 महीने के लिए बंद कर दिए जाएंगे। 14 नवंबर को गंगोत्री, 15 नवंबर को यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट बंद होंगे। 18 नवंबर को बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद होंगे। सिखों के प्रमुख तीर्थ स्थल हेमकुंड साहिब के कपाट 11 अक्टूबर को बंद कर दिए गए हैं।

डोंगरगढ़ पहुंचे मोदी, मां ...
ने उन्हें रोक दिया। पीएम ने मंदिर की सीढ़ी पर खड़े होकर लोगों का अभिवादन किया। पीएम करीब एक घंटे मंदिर में रहे। डोंगरगढ़ में करीब 100 करोड़ की लागत से जैन मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। बम्लेश्वरी मां के दर्शन से पहले पीएम मोदी चंद्रगिरी में जैन मुनि से मिलने पहुंचे। बताया जा रहा है कि मोदी ने आचार्य विद्यासागर से मेडिटेशन सहित अन्य मामलों पर बात की। इसके बाद पीएम हेलीकॉप्टर से मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचे और दर्शन के बाद एमपी के सिवनी के लिए उड़ान भरी।

रायपुर से हेलिकॉप्टर में गए मोदी
पीएम मोदी रविवार को दिल्ली से सीधे रायपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे और फिर हेलिकॉप्टर से डोंगरगढ़ के प्रज्ञागिरी हेलीपैड पर लैंड किया। वहां से चंद्रगिरी तक वे विशेष कार से गए और आचार्य विद्यासागर महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। प्रधानमंत्री के आने की खबर मिलने के बाद शनिवार को प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी थी। हालांकि तय समय 11 बजे से पीएम करीब आधे घंटे पहले ही डोंगरगढ़ पहुंच गए। पीएम केवल दर्शन के लिए डोंगरगढ़ पहुंचे थे। ऐसे में उस समय सभी का प्रवेश बंद था। सुरक्षा को लेकर जवान तीर्थ क्षेत्र में तैनात किए गए थे।

विराट कोहली का ...
में 3 चौके और 1 छक्के लगाए। सूर्यकुमार 22 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें तबरेज शम्सी ने विकेटकीपर डी कॉक के हाथों कैच कराया। केएल राहुल 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मार्को यानसन ने रासी वान डर डसन के हाथों कैच कराया। श्रेयस अय्यर 77 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें लुंगी एनगिडी ने ऐडन मार्करम के हाथों कैच कराया। अय्यर ने 17वीं वनडे फिफ्टी पूरी की। उन्होंने इस वर्ल्ड कप में लगातार फिफ्टी जमाई। अय्यर ने कोहली के साथ 134 रन की पार्टनरशिप की। शुभमन गिल 23 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें केशव महाराज ने बोल्ड कर दिया। कगिसो रबाडा ने कप्तान रोहित शर्मा (24 बॉल में 40 रन) को टेम्बा बावुमा के हाथों कैच कराया।

क्रिमिनल लॉ की जगह लेने ...
पर फैसला लेने के लिए दिए गए समय को तीन महीने बढ़ाने का आग्रह किया था। सदस्यों ने कहा था कि चुनावी लाभ के लिए इन विधेयकों को उछालना सही नहीं है। ये विधेयक 11 अगस्त को संसद में पेश किए गए थे। अगस्त में ही इससे जुड़ी ड्राफ्ट गृह मामलों की स्थायी समिति को भेजा गया था। कमेटी को ड्राफ्ट स्वीकार करने के लिए तीन महीने का समय दिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में 163 साल पुराने 3 मूलभूत कानूनों में बदलाव के बिल लोकसभा में पेश किए थे। सबसे बड़ा बदलाव राजद्रोह कानून को लेकर है, जिसे नए स्वरूप में लाया जाएगा। ये बिल इंडियन पीनल कोड (आईपीसी), क्रिमिनल प्रोसिजर कोड (सीआरपीसी) और एविडेंस एक्ट हैं।

प्रधानमंत्री देश के...
को यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मध्य प्रदेश के चुनावी दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने टीकमगढ़ में अपने पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधने के साथ ही कांग्रेस को वोट न देने की अपील की। रविवार को अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के जतारा में सपा ठ्ठ शेष पृष्ठ 6 पर
प्रत्याशी आरआर बंसल के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस को वोट मत देना, वह बहुत चालू पार्टी है। सावधान रहें। बंसल जी बेमतलब ही दुखी थे कि कांग्रेस ने धोखा दे दिया। बंसल जी दुखी हैं कि कांग्रेस ने धोखा दे दिया। हमें पहचाना ही नहीं। जिनकी उम्र 80 साल हो वो हमें कैसे पहचानेंगे। हमारी किसी से कोई नाराजगी नहीं है।

एथिक्स कमेटी के चेयरमैन ...
पौने 4 घंटे बाद कमेटी के दफ्तर से नाराज होकर बाहर निकलीं। उन्होंने कमेटी के चेयरमैन पर अपमानजनक सवाल करने के आरोप लगाए। महुआ ने इसको लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को लेटर लिखा है।

घोषणा पत्र में किए हर वादे पूरे होंगे : डॉ. रमन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजपा प्रत्याशी डॉ. रमन सिंह ने एबीस ग्रीन होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में मोदी की गारंटी के नाम से जारी किए गए संकल्प पत्र को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। इस दौरान भाजपा की ओर से पांच साल तक नांदगांव की उपेक्षा को लेकर आरोप पत्र भी जारी किया। इसमें शहर की अनेदखी को लेकर कांग्रेस से सवाल पूछे हैं। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हम कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदेंगे। इसके लिए किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रूपए नगद भुगतान किया जाएगा। बोनस की राशि भी एकमुश्त दी जाएगी, जो अभी चार किश्तों में जारी की जाती है। इसके लिए प्रत्येक गांव के पंचायत भवन में बैंकों का नगदी भुगतान काउंटर बनाया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि संकल्प पत्र आने के बाद किसानों के बीच उत्साह का माहौल है, किसान भाजपा की सरकार आने तक धान बेचने से बचना चाह रहे है। संकल्प पत्र में दी गयी मोदी की यह गारंटी वर्तमान खरीफ सीजन से ही प्रभावी रहेगी, यानि वर्तमान में जो किसान धान बेच रहे हैंए उन्हे भी 3100 रूपए प्रति म्टिल के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। भाजपा सरकार के कार्यकाल का बकाया बोनस सुशासन दिवस 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन 2016-17 एवं 2017-18 के बकाया बोनस 300 रूपए प्रति म्टिल के हिसाब से एकमुश्त दिया जाएगा। इसके अलावा महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रत्येक विवाहित महिला को 12 हजार रूपए सालाना दिए जाएंगे। इसी तरह रानी दुर्गावती योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार में बेटी होने पर डेढ़ लाख रूपए का आश्वासन पत्र दिया जाएगा। खेतिहर मजदूर को 10 हजार रूपए सालाना और कॉलेज आने-जाने वाले छात्रों को मासिक ट्रेवल एलांउस दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गरीब महिलाओं को 500 रूपए में सिलेंडर और छत्तीसगढ़वासियों को अयोध्या रामलला के निःशुल्क दर्शन कराने सहित कई बड़े संकल्प भाजपा ने लिया है। हमारा घोषणा पत्र श्री मोदी की गारंटी है। इसमें किए गए हर वादे पूरे होंगे और छत्तीसगढ़ फिर से खुशहाली की ओर लौटेगा। पूर्व सांसद मघुसूदन यादव ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ अरोप पत्र जारी किया।

मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। शनिवार को स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा एवं शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में विधानसभा निर्वाचन के संबंध में मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें मतदान केंद्रों में नियुक्त किए जाने वाले पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों 1, 2 एवं 3 का प्रशिक्षण दो पालियों मे आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा उपस्थित थे, उन्होंने मतदान अधिकारियों से प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लेने, अपनी सभी शंकाओं का समाधान कर लेने एवं ईवीएम के संचालन की संपूर्ण प्रक्रिया की प्रायोगिक जानकारी प्राप्त कर लेने का निर्देश दिया। जिला मास्टर ट्रेनर सुनील झा, डीआर साहू, भूपेंद्र परगनिहा, जितेंद्र बारले, अनिल वर्मा, सितलेश शर्मा, अजय शर्मा, अलेन गुप्ता पर्यवेक्षण में विकासखंड स्तरीय 56 मास्टर ट्रेनरों के द्वारा मतदान सामग्री, मतदान केंद्र की व्यवस्था, मॉक पोल, मतदान प्रक्रिया, ईवीएम का संचालन, सीलिंग, मतपत्र लेखा, पीठासीन की डायरी, विभिन्न प्रपत्रों, लिफाफों को तैयार करना, मतदान सामग्री जमा करने आदि एवं मतदान के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से जानकारी दी गई एवं सभी शंकाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर एडीएम अनिल बाजपेयी, प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी उर्वशा, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, सुनील तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इन्हीं प्रशिक्षण केंद्रों में 5 नवंबर को मतदान अधिकारी क्रमांक 2 एवं 3 का प्रशिक्षण आयोजित हैं।

स्कूल में चोरी करने वाला गिरफ्तार

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। 21 से 27 अक्चूबर के दौरान किसी अज्ञात चोर ने स्कूल का ताला तोड़कर चोरी कर लिया। इसकी रिपोर्ट् उड़ेला निवासी ने हथबंद थाने में दरज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने में सफलता पाई है। उसके पास से चोरी गया सामान बरामद कर जेल दाखिल कर दिया गया। प्रार्थी निजाम सिंह वर्मा पिता स्व. तुलसीराम वर्मा उम्र 59 वर्ष साकिन उडेला थाना हथबंद ने लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 से 27 अक्टूबर के बीच किसी अज्ञात चोर ने शासकीय स्कूल का ताला तोड़कर स्कूल में रखे लैपटाप एक नग जिसमें ष्द्वत्तद्व ष्ह्वठ्ठद्व4ड्ड का लोगो लगा कीमती 45,000, ष्टष्टञ्जङ्क कैमरा 4 नग कीमती 5200, हार्ड डिस्क एक नग कीमती 4700, डीवीआर 1 नग कीमती 5100, मानीटर (ष्टश्वक्र) 1 नग कीमती 4500, सी.पी.यू. 1 नग 15,000 जुमला कीमती 79,500 को चोरी कर ले गया। इसकी रिपोर्ट पर धारा 457,380 भादवि का घटित होना पाऐ जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक अजय झा थाना प्रभारी हथबंद के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी की पता तलाश हेतु हर संभव प्रयास कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया। जिसमे आरोपी के कब्जे से स्कूल से चोरी किया गया लैपटाप एक नग 2. ष्टष्टञ्जङ्क कैमरा 04 नग 3. हार्डडिस्क एक नग 4. डीवीआर 01 नग 5. मानीटर (ष्टश्वक्र) 01 नग 6. सी.पी.यू. 1 नग सहित संपूर्ण सामान बरामद किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर, न्यायालय पेश किया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

कमीशनखोरी भाजपा की पहचान : गिरीश देवांगन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन ने वार्ड नंबर 15 राममंदिर मिलचाल से शुरू की। वार्ड 14 टांकापारा, पुरानी सिविल लाइन में जनसंपर्क कर जनता से मिलकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए भरोसे की कांग्रेस सरकार को फिर से लाने कही। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने छग सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार जितनी भी योजनाएं बनाई हैं, उनका सीधा लाभ आम जनता को मिला है। योजनाओं का की राशि सीधे उनके बैंक खातों के माध्यम से जनता तक पहुंचा है। भाजपा के कार्यकाल में स्कूली बच्चों के गणवेश घोटाला, नवमी-दसवीं के बच्चों को 22 इंच की साइकिल देने के बजाय उपयोगहीन 24 इंच की साइकिल कमीशन के चलते दिए महिलाओं को निम्न स्तर को सिलाई मशीन का वितरण भाजपा के कार्यकाल में हुआ। जिन ग्रामों में मोबाइल के टावर भी नहीं थे, वहां भी मोबाइल बांटकर शासकीय कोष पर सीधे-सीधे डाका डालने का काम किया। श्रमिक कार्ड के माध्यम से हितग्राहियों को उनके खाते में राशि का हस्तांतरित कर अपनी सुविधा अनुसार उन्हें उपयोग की सामग्री क्रय करने की स्वतंत्रता दी है। पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस सरकार की दूरदृष्टि पक्का इरादा से छग समृद्ध हुआ है। वहीं भाजपा की अदूरदर्शी नीति घोषणा पत्र के माध्यम से फिर से उजागर हुआ है, जिस प्रकार से भाजपा के घोषणा पत्र में ना तो युवाओं के बेरोजगारी भत्ता की बात है और ना ही बिजली बिल और महंगाई की मार से राहत देने की कोई योजना है, जो भाजपा 20 म्टिल धान खरीदी का विरोध करती रही, वहीं भाजपा अब 21 म्टिल धान खरीदने की बात कह कर आम जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। इसी प्रकार 3100 में धान खरीदने का भी जुमले की बात कह रही है। यह भाजपा के झूठ की पराकाष्ठा हैं। भाजपा के पास कोई नेतृत्व नहीं होने के कारण यह सिर्फ मोदी के नाम पर चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं, इससे यह साफ स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा नेतृत्व विहीन है।

इस दौरान सुदेश देशमुख, आसिफ अली, जयनारायण सिंह, ज्ञानचंद बाफना, पार्षद विनय झा, सतीष मसीह, सैय्यद अफजल अली, प्रभात गुप्ता, हितेश गोन्नाडे, आरबी मिश्रा, बूथ अध्यक्ष व कार्यकारिणी सहित शहर कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित सभी विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त कांग्रेसजन उपस्थित थे। ।

शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले आरोपी गए जेल

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। हाईवा से रात को खनिज का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर खनिज अधिकारी जांच के दौरान पकड़ा था। गाड़ी को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। गाड़ी को कलेक्टोरेट परिसर में खुले में रखवाया गया था। परंतु दूसरे दिन हाईवा वहां से नदारद था।

इस पर हाईवा के संचालक और ड्राइवर को फोन कर जानकारी ली। इस पर मालिक ने हाईवा को अपने पास मंगवा लेने की बात कही। इस मामले में थाना प्रभारी अमित तिवारी के दिशा निर्देश में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 860/2023 धारा 186,206,379,34 भादविके आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई थी। घटना दिनांक 30 अक्टूबर की रात 11 बजे खनिज निरीक्षक द्वारा खनिज दल कर्मचारी के साथ पनगांव बाई पास रोड में खनिज सम्पदा की अवैध परिवहन की जांच दौरान हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एमपी 7722 में खनिज सम्पदा रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने से जप्त कर कलेक्टर परिसर खुला स्थान में रखवाया गया था जिसे दिनांक 31 अक्टूबर की सुबह 10.30 बजे देखने पर जप्तशुदा वाहन परिसर में नहीं था। वाहन के मालिक जरिये मोबाईल सम्पर्क करने पर वाहन संचालक गोपाल सोनकर द्वारा वाहन को अपने ड्रायवर से चालू कराकर अपने पास मंगा लेना बताया जो वाहन संचालक गोपाल सोनकर एवं वाहन चालक बालकदास कोसले निवासी सिमगा द्वारा अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के आरोपी पता तलाश पर आरोपी बालदास कोसले पिता पीलू दास कोसले उम्र 20 वर्ष सा. नयापारा सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा को घेराबंदी कर पकडा आरोपी द्वारा अपराध कबुल करने पर गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया।

डेढ़ लाख से ज्यादा की सट्टा पट्टी के साथ गिरफ्तार

भटगांव/नवप्रदेश। बिलाईगढ़ विकासखंड के भारतपुर गांव में सट्टा पट्टी लिखते एक आरोपी को बिलाईगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी शिवकुमार धारी ने बताया कि मुखबीर से सूचना पर हमराह स्टाफ व साक्षीगण के साथ ग्राम भारतपुर पहुंच आरोपी हरप्रसाद रात्रे को तबल कर मोबाईल द्वारा अवैध रूप से रुपए का दांव लगा कर कल्याण सट्टा खिलाने वाले आरोपी के पास से एक नग एंड्रायड मोबाइल जिसमें अलग अलग वाट्सअप में सट्टे का अंक व रुपए लिखा पाए जाने पर मौके पर आरोपी के कब्जे से मोबाइल जिसमें कुल 169890 रुपए का दांव खेला सट्टा का पाये जाने पर मोबाईल जप्त कर धारा 6 छत्तीसगढ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 का अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही किया गया है आरोपी के कब्जे से 7000 नगद भी जप्त किया गया है । इस कार्यवाही में बिलाईगढ़ थाने के सभी स्टाप का विशेष योगदान रहा। बिलाईगढ़ थाना प्रभारी शिव कुमार धारी ने बताया कि 21 अक्टूबर को बिलाईगढ़ के अन्नपूर्णा किराना दुकान संचालक अंकित अग्रवाल को क्रिकेट सट्टा खिलाते गिरफ्तार किया गया था। उसके कब्जे से लाखों रुपए के लेनदेन के कागजात एवं तीन मोबाइल जप्त किया गया है।

एसपी पहुंची बहेरा चेक पोस्ट निरीक्षण कर दिए निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने शनिवार 4 नवंबर को थाना बेरला क्षेत्रांतर्गत लिमाही चौक बहेरा स्थित नाका/चेक पोस्ट का निरीक्षण कर वहां पर तैनात पुलिस जवानों एवं अन्य अधिकारियों को जिलों के सीमाओं में प्रवेश करने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करने व हमेशा सतर्क एवं सुरक्षित ड्यूटी करने के संबंध में हिदायत तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही मतदान केन्द्र शासकीय स्कुल बारगांव का निरीक्षण किया। उन्होने साफ-सफाई, पेयजल सुविधा व अन्य व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यकताओं को पूरा करने एवं आदर्श आचार संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित करने एवं मतदान केन्द्र बारगांव में चार बुथ होने, जिसमें बारगांव के अलावा ग्राम कोसपातर व मटिया के मतदाता आयेगे एवं मतदाता की संख्या 'यादा होने से अतिरिक्त प्रवेश द्वार की आवश्यकता हैं, एक ही प्रवेश द्वार होने से मतदाताओं को असुविधा होगी, इसलिए थाना प्रभारी बेरला को एक और प्रवेश द्वारा बनवाने हेतु सम्बन्धित विभाग को सूचना देने निर्देश दिए। ताकि मतदाताओं को असुविधा न हो तथा मतदान केन्द्रो में तैनात किये जाने वाले बलों के मुलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखने के निर्देश दिए। इस दौरान थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, स्स्ञ्ज निगरानी टीम प्रभारी कृषि विस्तारक अधिकारी निरज कुमार, प्रधान आरक्षक दीनानाथ एवं अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

■ न्यूज गैलरी

बीजेपी का घोषणा पत्र छलावा : जनक ध्रुव

गरियाबंद/नवप्रदेश। कांग्रेस के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा प्रत्याशी जनक ध्रुव लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से आशीर्वाद मांग रहे हैं। अपने प्रचार अभियान के दौरान जनक ध्रुव बिरीघाट, डाबरीगुड़ा, खरीपथरा, कुहीमाल, मूढ़घेलमाल, मुड़गांव, खैरमल, अमली पदर, टेंड्रूपदर, गोलामाल, कांडेकेला गांव के आम लोगों के बीच पहुंचे और ग्रामीणों को कांग्रेस सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीजेपी का चुनावी घोषणा पत्र केवल छलावा है। 15 साल के भाजपा कार्यकाल में महंगाई इतनी बढ़ गई है कि इससे छत्तीसगढ़ की जनता त्रस्त हो चुकी है। भाजपाई विधानसभा चुनाव आते ही लोक लुभावन घोषणा कर मतदाताओं को गुमराह कर रही है। किन्तु बिंद्रानवागढ़ की जनता ऐसी भ्रामक घोषणाओं को भली भांति समझ रही है। कांग्रेस सरकार ने कोरोना काल में जनता की जितनी सेवा की है ,वह भाजपा के 15 सालों पर भारी है। बीजेपी द्वारा चुनाव के समय झूठी घोषणा कर मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा, कांग्रेस पार्टी द्वारा की गई घोषणाओं की नकल कर रही है। इस दौरान प्रदेश सचिव सेवन पुजारी, ब्लॉक अध्यक्ष ललिता यादव, मानोदर सोरी,महामंत्री यशवंत मरकाम गजेन्द्र सरस्वती नेताम, पंकज मांझी बंसी सिन्हा,हरि यादव, सतर यादव ,अनुराग बाघे,नेयाल नेताम लखन यादव, गोवर्धन ताम्रकार,पुनीत नागेश, विनोद यादव,निराकार पड़े और श्याम जगत मौजूद थे।

20 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

खैरागढ़/नवप्रदेश। 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी पकड़ाया। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दिलीप यादव पिता लखन यादव उम्र 53 वर्ष जाति यादव साकिन तेलीटोला थाना गातापार में प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी की रिहायशी मकान की विधिवत तलाशी लेने पर 20 बल्क लीटर हाथ भट्ठी महुआ फूल से निर्मित कच्ची शराब एवम 01 चढ़ी भट्ठी बरामद की। जिसे मौके पर उक्त मदिरा को जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक विजयेंद्र कुमार, आरक्षक शिवप्रसाद यादव, वाहन चालक मोखन सिन्हा उपस्थित थे।।

दक्षिण पाटन में आम आदमी पार्टी का जनसंपर्क

पाटन/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी भी पूरे दमखम के साथ मैदान पर उतर चुकी है। पहले ही चरण के चुनाव प्रचार में घर घर जनसंपर्क के साथ नुक्कड़ सभाओं का दौर शुरू हो गया है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रत्याशी को आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अमित हिरवानी साहू टक्कर दे रहे हैं आज वे अपने समर्थकों के साथ पाटन विधानसभा के दक्षिण पाटन के रानितराई क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान की शुरुआत किया। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा की किसानों का धान दोनो ही पार्टी ने जो घोषणा किए है उससे ज्यादा में ही लिया जायेगा। इसके अलावा आम आदमी पार्टी की सरकार बनती है तो पूरे प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य फ्री रहेगा। उन्होंने भाजपा ओर कांग्रेस दोनो ही पार्टी को भरष्टाचार में लिप्त बताया। उनके साथ सैकड़ों की संख्या में उनके समर्थक भी चल रहे थे।

कांग्रेस प्रत्याशी आशीर्वाद जनयात्रा पहुंची बोराई क्षेत्र

नगरी/नवप्रदेश। कांग्रेस प्रत्याशी अंबिका मरकाम की आशीर्वाद जनयात्रा बोराई क्षेत्र के मैनपुर. लिखमा, बनिया डीही, घुटकेल, बोराई, कारीपानी, रतावा,बिरनासिल्ली, घटुला, पाइकभाठा, पदमपुर गांव के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने प्रदेश सरकार के कामों और योजनाओं की जानकारी देकर लोगों से अपने लिए सहयोग मांगा। उन्होंने केन्द्र सरकार की जनविरोधी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। इस दौरान उनके साथ सिहावा विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी राजेश, पूर्व विधायक अशोक सोम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कैलाश नाथ प्रजापति, रामप्रसाद मरकाम गोंडवाना समाज प्रमुख जिला पंचायत सदस्य, मनोज साक्षी अंजोर सिह निषाद, कैलाश जैन बिरेन्द्र यादव मीना बंजारे पूर्व जिला पंचायत सदस्य बिंदा नेताम विधायक प्रतिनिधि भाई अख्तर खान सरपंच संघ अध्यक्ष राजू सोम सेवादल अध्यक्ष एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी सेवादल कांगेश मोहम्मद अयूब खान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वेद राम साहू महामंत्री दुर्गेश कश्यप आसकरण पटेल महामंत्री राम कुमार सरोज अनिल साहू हर्ष कुमार बोराई विमला मरकाम हिदेश सोनवानी प्रदीप कौर गोविंद यादव राजीव युवा मितान के समन्वयक महेंद्र पांडे एनएसयूआई अध्यक्ष अरविंद यादव डोमार साहू कुमारी नागेश और सुशीला नागेश सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

डाक मतपत्र से 8 तक कर सकते हैं मतदान

भटगाव/नवप्रदेश। विशेष गठित मतदान दल द्वारा मतदाता को उनके घर में मतदान कराने की तिथि 6, 7 और 8 नवंबर को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। निर्वाचन 2023 अंतर्गत समाज का कोई भी वर्ग मतदान में अपनी भागीदारी से ना छूटे, इसके लिए घर-घर जाकर मतदान का विकल्प दिया गया है। इसके अंतर्गत 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को मतदान करने हेतु डाक मत पत्र की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है। अब इन वर्गों के ऐसे व्यक्ति जो मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में पहुंचकर वोट डालने में अपने को असमर्थ पाते हैं, वे फॉर्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र के विकल्प का चयन कर सकते हैं। डाक मतपत्र के विकल्प का चयन करने वाले मतदाता मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में अपना वोट नहीं डाल पाएंगे। जिले में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता घर में वोटिंग करेंगे। आयोग के निर्देशानुसार पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को प्रोत्साहित करने होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की है। जिला निर्वाचन कार्यालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ निष्पक्ष निर्वाचन के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। मतदान दल द्वारा ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान कराया जाएगा।

गाड़ाघाट के भाजपाई कांग्रेस में शामिल

बेमेतरा/नवप्रदेश। साजा विधानसभा के ग्राम गाड़ाघाट (धमधा) के सक्रिय भाजपाइयों विष्णु प्रसाद वर्मा, लाखो पटेल, लोकेश्वर ने साथियों सहित मंत्री रविंद्र चौबे के समक्ष कांग्रेस प्रवेश कर ऐतिहासिक विजय का संकल्प लिया। मंत्री ने सभी को कांग्रेसी गमछा पहनाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया। साजा विधानसभा में कांग्रेस को जबरदस्त जन समर्थन मिल रहा है।

भाजपा कर रही है लाश पर राजनीति : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। नक्सलवाद और टारगेट किलिंग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के आरोप पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है रतन दुबे की हत्या दुखद है, कांग्रेस इसकी कड़ी निंदा करती है। भारतीय जनता पार्टी लाश पर राजनीति करना बंद करें। अभी उनके कार्यकर्ता की चिता की आग ठंडी नहीं हुई है, भाजपा उनकी हत्या का राजनीतिकरण करने लगी है। भाजपाई अवसरवादी हो गये है, वे अपने लोगों की नक्सल हत्या पर भी अवसर खोज रहे है। नक्सल मामले में भाजपा संबंधी बयान देकर भाजपा नेताओं को अपने पाप याद आ रहे है, साजिश और षड्यंत्र भाजपा का चरित्र है। छत्तीसगढ़ में सुदूर दक्षिण बस्तर के दो ब्लॉक में सीमित नक्सलवाद को रमन सरकार के दौरान ही खाद पानी देकर प्रदेश के 14 जिलों तक प्रसारित करने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता किस मुंह से आरोप लगाते हैं? रमन सिंह के मुख्यमंत्री रहते हैं उनके गृह जिला कवर्धा और संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव भी नक्सलवाद के जद में धकेल दिया गया। रमन सिंह के मुख्यमंत्री रहते हैं झीरम का क्रूर नरसंहार हुआ जो दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक हत्या है। भारतीय जनता पार्टी के नेता यह बताएं कि 2013 में तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष स्वर्गीय नंद कुमार पटेल के नेतृत्व में जब बस्तर के घोर नक्सल क्षेत्र में टुंडानगर क्षेत्र में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में वोट की अपील की। कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा निकली थी तब किस षड्यंत्र के तहत रमन सिंह ने कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की सुरक्षा हटवाया था? भाजपा के दामन पर झीरम के शहीदों के खून के छींटें लगे हैं, अनर्गल बयानबाज़ी करके भाजपाई अपने पाप मुक्त नहीं हो सकते।

पंचायत स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा

■ जय महाकालेश्वर क्रिकेट क्लब छिपली

नगरी/नवप्रदेश। जय महाकालेश्वर क्रिकेट क्लब छिपली के तत्वावधान में अंतरजिला पंचायत स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता की हुई शुरुआत। इसके उद्घाटन के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नगरी के सभापति मन्नू लाल यादव थे। अध्यक्षता संत नेताम ग्राम पंचायत छिपली, विशेष अतिथि दुर्गेशनंदिनी साहू ज. स. दानेश्वर पोटाई विजय बिसेन गणेश नागरची लक्ष्मीनाथ सोम प्रभुराम ठाकुर तोमल साहू सुरेश कौर शांतनु कोसरे मानसिंह साहू आदि थे। इसका प्रथम पुरस्कार 11111 रुपए व ट्रॉफी द्वितीय पुरस्कार 6666 रुपए व ट्रॉफी बेस्ट बॉलर बेस्ट कीपर बेस्ट बैट्समैन बेस्ट फील्डर बेस्ट ऑल राउंडर बेस्ट केचर हैट्रिक विकेट हैट्रिक चौका छक्का एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। इसको सफल बनाने में अध्यक्ष अरुण पटेल उपाध्यक्ष रुस्तम नवरंग, आशीष नेताम, विवेक साहू ,कोषाध्यक्ष पप्पू नाग सचिव भूपेंद्र देव सहसचिव नीलकमल साहू सुनील सोम रूप कुमार कश्यप मनक संजय लहरे धर्मेंद्र सेन, तरुण विक्की देव, ,सतीश साहू, मानसिंह साहू नंद देव, थानेश साहू,तिजराम ,दुलार , लाकेश्वर यादव,यतीन्द्र ध्रुव,गीतेश्वर ,कुलदीप ,मिराज, हुलास खिलेश्वर ,कान्हा ,कुश, लव राजेन्द्र ,छोटेलाल,जितेंद्र ,कुलदीप साहू,देवकरण , नागेन्द्र,किशन ,विवेक कुलेश्वर, नरेंद्र, तुलसी, उमेश ,इंद्रजीत सूर्यकांत तोषण भोलेश ,सूरज ,गोपी,इंद्रजीत, उमेश,वीरेश, रिंकू, कामेश्वर नाग जीवेश साहू एवम समस्त ग्रामवासी जुटे हुए है।

3 कोचियों से 50 पौवा शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। 4 नवंबर को थाना बेमेतरा में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 3 प्रकरण दर्ज कर 3 आरोपियों भुनेश्वर देवांगन पिता रघुनाथ देवांगन उम्र 25 साल साकिन वार्ड नं. 13 सिंघौरी थाना व जिला बेमेतरा, महेश साहू पिता भागी साहू उम्र 47 साल साकिन ढारा थाना व जिला बेमेतरा, गोवर्धन साहू पिता स्व. केजउराम साहू उम्र 58 साल साकिन नवागांव बहिंगा थाना व जिला बेमेतरा के विरुद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। तीनों कोचियों से 50 पौवा देशी मसाला/अंग्रेजी शराब कीमती 6100 रुपए, बिक्री रकम 1310 रुपए कुल जुमला कीमती 7410 रुपए को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

भाजपा के पक्ष में वोट की अपील

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। भाजपा प्रत्याशी डॉ. दिनेश लाल जांगड़े ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम दर्री, नरधा, नवरंगपुर, खपरीडीह, टुंडानगर क्षेत्र में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में वोट की अपील की। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी जांगड़े ने कहा कि भाजपा की सोच सबका साथ सबका विकास की है। प्रदेश में इस बार डबल इंजन की सरकार बनेगी। जनकल्याणकारी योजनाएं चलाकर चहुंमुखी विकास किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस के कार्यकाल की गड़बड़ियों के बारे में बताया। भाजपा की सरकार बनने पर उनकी पहली प्राथमिकता बिलाईगढ़ क्षेत्र को मण्डल क्षेत्र बनवाने की होगी।

छजकां प्रत्याशी ने किया डोंगरगढ़ में जनसंपर्क

डोंगरगांव/नवप्रदेश। जोगी कांग्रेस के प्रत्याशी लोकनाथ भारती ने डोंगरगढ़ में जनसंपर्क किया। उन्होंने प्रदेश के विकास तथा अमन चैन के लिए जोगी कांग्रेस को जिताने की अपील की। डोंगरगढ़ के शीतला तथा हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रचार की शुरुआत की। आज आदर्श नगर, कुम्हार पारा, ठेठवार पारा, ब्राम्हण पारा, खूंटा पारा, कालका पारा, कर्बला चौक और इंदिरा नगर में घर घर दस्तक दी। लोगों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। डोंगरगढ़ में समस्याओं का अंबार है। उन्होंने कांग्रेस सरकार की आलोचना की। इस दौरान जोगी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता योगेश वर्मा, युवा लोकसभा अध्यक्ष अमर गोस्वामी, युवा लोकसभा उपाध्यक्ष आकाश वर्मा, युवा जिलाध्यक्ष टिंकू देवांगन, अनीता भारती, पुष्पा बघेल, सुषमा भारती, पक्षमी भारती, सीमा देशलहरे, कृतिका भारती, बाबूलाल भारती, अभिषेक भारती, हिमेष जांगड़े, चेतन, थानसिंह, राका, भानु, महेंद्र भारती आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित थे

प्राचार्य सुहासिनी पट्टलवार को पीएचडी

गरियाबंद/नवप्रदेश। जोबा हायर सेकंडरी स्कूल की प्राचार्य व रायपुर निवासी सुहासिनी पट्टलवार को मैट्स यूनिवर्सिटी से पीएचडी की उपाधि मिली है। उन्होंने अपना शोध प्रो. डा. परविंदर हंसपाल के निर्देशन में पूरा किया। सुहासिनी ने अपना शोध उच्चतर माध्यमिक शालाओं की सहशिक्षा और गैर सहशिक्षा में अध्ययनरत छात्रों की आधुनिकता का उनकी शैक्षिक उपलब्धि एवं जीवन शैली पर पड़ने वाले प्रभाव पर किया है। मैट्स विवि के प्रो. वीपी राय का सहयोग मिला। वर्ष 2016 से उन्होंने अपना शोध शुरू किया। चार स्कूलों के 800 से अधिक 9 वीं के बच्चों से संपर्क कर अपना शोध पूरा किया। इनमें 400 बच्चे कोएड स्कूल के हैं। 200 गर्ल्स और 200 ब्वायज स्कूल के बच्चों से चर्चा की।

कलेक्टर ने किया मतदाता सूची का अवलोकन

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 में के तीनों विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 68 साजा, 69 बेमेतरा और 70 नवागढ़ में द्वितीय चरण 17 नवंबर को मतदान होगा। इसी को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन पदुम सिंह एल्मा ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में चल रही मतदाता सूची का अवलोकन किया। उन्होंने मतदाता सूची में विलोपित किए गए नामों के अनुपात में नए जुड़े नामों की जानकारी ली। कलेक्टर ने 80 से अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की भी जानकारी ली। उन्होंने विधानसभा और मतदान केंद्र अनुसार मतदाता सूची के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में अगर टंकण त्रुटिपूर्ण हो तो समय रहते दूर कर लिया जाये। इसके साथ जिन लोगों के नाम जुड़े है उन्हें वोटर आईडी के वितरण के संबंध में भी जानकारी ली।

ज़िले की तीनों विधानसभा में 46 प्रत्याशी निर्वाचन में खड़े हैं। सबसे अधिक प्रत्याशी 18 बेमेतरा और 14-14 प्रत्याशी साजा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से हैं। ज़िले की तीनों विधानसभा में 746614 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 80 से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 4715 और दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 4113 है। ईवीएम व वीवीपैड का रेंडमाईजेशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया जा चुका हैं। कल 6 अक्टूबर को मतदान दल अधिकारियों का रेंडमाईजेशन होगा। ज़िले में निर्वाचन की सभी तैयारियाँ योजना वार की जा रही। अधिकारियों-कर्मचारियों को ज़िला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कांग्रेस प्रत्याशी छाबड़ा का खुला चुनाव कार्यालय

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी आशीष छाबड़ा का बेमेतरा मुख्यालय में वार्ड क्रमांक 8 रायपुर रोड़ बेमेतरा में प्रधान चुनाव कार्यालय का शुभारंभ कांग्रेस प्रत्याशी आशीष छाबड़ा ने वरिष्ठ कांग्रेसजनों के उपस्थिति में किया। जिसमें क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बेमेतरा कांग्रेस प्रत्याशी जुटे सघन प्रचार में

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी आशीष छाबड़ा रविवार को बहुनवागांव, सिरवाबांधा, गांगपुर, लोलेसरा, बहेरा, बैंजी, मुडपार, भोईनाभाठा, मोहतरा, पिपरभट्ठा, बहेरा, कुसमी, सोनभट्ठा, तेन्दूभाठा आदि गांवों में जनसंपर्क किया। ग्रामीणों से भेंट मुलाकात कर जन समर्थन जुटा रहे हैं। प्रत्याशी घोषित होने के बाद लगातार जनसंपर्क कर अपने और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। सरकार के पांच साल के विकास कार्यो और सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर वे ग्रामीणों से वोट की अपील कर रहे हैं।

कांग्रेस का घोषणा पत्र भाजपा की नकल

कवर्धा/नवप्रदेश। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू ने कहा कांग्रेस किस मुंह से घोषणा पत्र की बात करेगी। पिछली बार की 36 घोषणाओं में से एक भी घोषणा को कांग्रेस की भूपेश सरकार ने पूरा नहीं किया है। इस बार जो कॉग्रेस ने घोषणा पत्र जारी किया है। वह भाजपा का नकल है। कांग्रेस की कुछ नया करने सोचने की क्षमता नहीं है। इसलिए भाजपा के घोषणा पत्र का इंतजार करती रही कॉग्रेस। भाजपा का घोषणा पत्र मोदी जी की ग्यारंटी है। भूपेश सरकार ने किसानों का कर्जा माफ पिछले बार भी कहा था पर सिर्फ सोसायटी तक सीमित रहा। डायरेक्ट बेनिफिट की तरह ये शो करते है तो हमने भी किसानों का पूर्व बोनस देने की बात पहले ही कर दी थी। झूठ बोलकर सत्ता हासिल करना इनकी पुरानी बीमारी है। महामंत्री संतोष पटेल ने कहा कॉंग्रेस ने युवाओं के लिए घोषणा पत्र में कुछ नहीं कहा है। कॉंग्रेस से अधिक युवाओं की चिंता हमने की है। कवर्धा विधानसभा प्रभारी राजेन्द्र वैष्णव ने कहा कॉंग्रेस झूठ बोलने में माहिर है। जनता को बरगलाने के लिए कुछ भी वादा कर सकते हैं। पिछली बार शराब बंदी का वादा किया था। कॉंग्रेस का घोषणा पत्र सिर्फ भाजपा की नकल है।

11 जुआरियों से 4120 रुपए जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। शनिवार 4 नवंबर को बेरला पुलिस को ग्राम सांकरा, मावलीभाठा में जुआ खेलने की सूचना मिली। पुलिस ने 2 प्रकरण दर्ज कर 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया। 4 नवंबर को थाना बेरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम सांकरा बोरिया मार्ग ठगडा बांध पार एवं ग्राम मावलीभाठा मावली माता मंदिर नदी चौरा के पास बिजली पोल के नीचे आम जगह में कुछ लोग रुपए पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहें हैं कि सूचना पर थाना बेरला पुलिस टीम पहुंच कर सूचना के आधार पर रेड कार्यवाही कर जुआरियों को पकड़ा गया। थाना बेरला में जुआ का 2 प्रकरण दर्ज कर 11 जुआरियों नंदकिशोर साहू (24), रमाकांत तिवारी (48), यशवंत लहरे (23), अशवन साहू (20), रामेश्वर टंडन(44), बलदाऊ साहू (38), सभी साकिनान सांकरा थाना बेरला, राजेन्द्र धीवर (19)निवासी मावलीभाठा, तुषार देवांगन (20)निवासी मावलीभाठा, अजय साहू (25) निवासी मावलीभाठा, सुरेश बंजारे (34)साकिन चण्डीभाठा, प्रेमलाल देवांगन (25)निवासी मावलीभाठा थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरुद्ध धारा 3 (2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है। उनके पास से कुल जुमला नगदी 4120 रूपये एवं 52 पत्ती तास को जप्त कर कार्यवाही की गई।

समझाइश के बाद घोरदा के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का फैसला वापस लिया

डोंगरगांव/नवप्रदेश। घोरदा में पत्थर खदान को बंद करने की मांग को लेकर कई माह से यहाँ के ग्रामीण चक्काजाम सहित कई बार धरना आंदोलनकर चुके हैं। इस पत्थर खदान में विस्फोट के चलते अनेक घरों में दरारें आ चुकी हैं और पेयजल व निस्तारी के लिए पानी की समस्या गहराते जा रही है। इसको लेकर ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव का बहिष्कार की घोषणा की थी। उन्होंने अपने निर्णय की जानकारी डोंगरगांव एसडीएम एके पुसाम से मिलकर दी थी। रविवार सुबह भाजपा प्रत्याशी भरत वर्मा, मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता और डा नीरेन्द्र साहू ग्रामीणों के पास पहुंचे और सभी से मतदान कर चुनाव में हिस्सा लेने का निवेदन किया। उन्होंने कहा कि अपने मत का प्रयोग अपने पसंदीदा उम्मीदवार को जिताने के लिए करें। ग्रामीणों को लोकतंत्र के इस अधिकार का उपयोग कर अपनी ताकत को मतदान के जरिए बताने की अपील की। इस पर ग्रामीण राजी हो गए। इसके बाद ग्रामीणों ने बैठक कर एसडीएम को अपने फैसले की जानकारी दी।

स्वस्फुर्त होकर जुड़ रही है कांग्रेस के साथ पाटन विधानसभा की जनता

सेलुद-पाटन/नवप्रदेश। विधानसभा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन के तत्वाधान में कांग्रेसी विधानसभा के प्रत्येक गांवों के घर घर जाकर मतदाताओं को भूपेश बघेल सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बता रहे है जिनमें सरकार आने पर 8 बड़ी घोषणाएं किए है। छत्तीसगढ़ सरकार के कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है यह बात जनता जानती है क्योंकि पूर्व में किये गये लगभग सभी बड़े वादों को दो साल कोरोना काल होने के बाद भी पुरी कर चुकी है जनता भाजपा के घोषणा को विश्वास नहीं करेगी क्योंकि पुर्व में किये गये बोनस के वादे को सिर्फ चुनाव वर्ष में पुरा करती थी फिर चुनाव जीतने के बाद बोनस नहीं देती थी। इसलिए जनता भाजपा के घोषणा को विश्वास नहीं करेगी। हमारे पार्टी के मुखिया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी तो डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गरीब वर्ग को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख तक का मुफ्त इलाज एवं अन्य लोगों को 50 हजार से बढ़ाकर 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। केजी से पीजी तक सरकारी स्कूल, कॉलेज में मुफ्त शिक्षा की घोषणा भी किया है प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी किसानों का कर्जा माफ 17 लाख परिवारों को आवास जातिगत जनगणना स्कूल से लेकर कॉलेज तक मुफ्त शिक्षा तेंदुपत्ते पर आदिवासियों को हर साल मिलेगा 4000 रुपए बोनस भूमिहीन मजदूर को मिलने वाली 7 हजार रुपए की राशि को बढ़ाकर 10 हजार रुपए किया जाएगा।और आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन के अंतर्गत वरिष्ठ कार्यकर्ता अश्वनी साहू,संजय यदु,श्रीमती जय श्री वर्मा,अजय सिंगोर,खिलेश मारकंडे,संतोषी तिवारी,किरण चंद्राकर, राकेश ठाकुर,मोनू साहू,उर्वशी वर्मा,प्रशांत शुक्ला,अमोलदास टंडन,संतराम कुर्रे,जागेश्री साहू,पुरुषोत्तम तिवारी शंकर बघेल,कौशल चंद्राकर,अशोक साहू, रूपेंद्र शुक्ला, उमाकांत चंद्राकर,देवकुमार निषाद,जयप्रकाश चंद्राकर,रमन टिकरिहा,पवन पटेल,रूपचंद साहू,ईश्वर प्रसाद,लेखनी वर्मा,भकुराम गायकवाड़,ईश्वर वर्मा,जितेंद्र बंछोर,भूपेंद्र बघेल,सुनीता यदु,विष्णु चंद्राकर,नरेंद्र नारंगे,नीलकंठ शुक्ला,कमलेश नेताम,युगलकिशोर आडिल प्रेमप्रकाश पांडे शामिल थे।

नव प्रदेश
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश
छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

कांग्रेस ने आदिवासियों को दिया उनका हक : भूपेश

कोण्डागांव/नवप्रदेश। बस्तरवासी जिस काम को चाहते थे वह काम कांग्रेस की सरकार ने पिछले 5 सालों में करके दिखाया है, जल जंगल जमीन पर आदिवासियों को उनका अधिकार देने का काम कांग्रेस की सरकार ने किया है। यह बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोण्डागांव के माकड़ी में हुइ जनसभा में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के दो पैमाने हैं जिसमें एक सड़क, पुल पुलिया, स्कूल, हॉस्पिटल का निर्माण है। दूसरा विकास का पैमाना व्यक्ति है। हमने व्यक्ति को केंद्र रखकर विकास किया है। बच्चे सुपोषित हों इसके लिए हमने मुख्यमंत्री सुपोषण योजना शुरू की, हमने अभियान चलाकर बस्तर को मलेरिया मुक्त किया, हमने बाजार में अस्पतालों को पहुंचा दिया। डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलता था जिसे बढ़ाकर हम 10 लाख रुपये करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से हमने लोगों को इलाज में मदद की है।

रमन राज में बंद हो गए थे स्कूल

सीएम ने कहा कि बस्तर में रमन सिंह के राज में सैकड़ों स्कूल बंद हो गए थे, उन स्कूलों को शुरू करने का काम हमारी सरकार ने किया है। बस्तर में पहली बार स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला गया। हमारे गरीब, मजदूर और किसान के बच्चे भी अब अंग्रेजी स्कूलों में निःशुल्क पढ़ाई कर पा रहे हैं। कांग्रेस की सरकार बनते ही सभी स्कूलों को स्वामी आत्मानंद स्कूलों में बदल जाएगा। हम वादा करते हैं कि केजी से पीजी तक की पढ़ाई में भी अब कोई शुल्क नहीं लगेगा।

कांग्रेस की गारंटी पर भरोसा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी जी ने किसानों का कर्ज माफ करने का वादा किया था। हमने दो घंटे के भीतर 19 लाख किसानों का साढ़े 9 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया। 25 सौ रुपये में धान खरीदने का वादा पूरा किया। अब तो किसान 2640 रुपये में धान बेच रहे हैं। हम इस बार फिर किसानों का कर्ज माफ करेंगे। हमारी इस घोषणा पर भाजपा के लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। जब वो लोग साढ़े 14 लाख करोड़ रुपये का कर्ज उद्योगपतियों का माफ कर सकते हैं, तो हम दोबारा किसानों का कर्ज क्यों नहीं माफ कर सकते।

झूठ बोलते हैं पीएम नरेन्द्र मोदी

भूपेश बघेल बोले कि मोदी जी कहते हैं कि हर साल दो करोड़ लोगों को नौकरी देंगे, काला धन लाकर सबसे खाते में 15 लाख रुपये डालेंगे, महंगाई कम करेंगे। मोदी ने अपना किया एक भी वादा पूरा नहीं किया। भाजपा के लोग ठगने और झूठ बोलने का काम करते हैं। आज सरसों का तेल, डीजल पेट्रोल के दाम सेंचुरी मार रहे हैं। मोदी जी झूठ बोलते हैं कि छत्तीसगढ़ सारा धान वो खरीदते हैं। मोदी जी पहले यह बताएं कि अगर 2640 रुपये में छत्तीसगढ़ के किसान धान बेच रहे हैं तो जहां से वह सांसद हैं वाराणसी, वहां के किसान 1200 रुपये में धान बेचने को क्यों मजबूर हैं।

कांग्रेस को लेकर आए तो लूट की गारंटी पक्की : नड्डा

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बिलासपुर के मस्तूरी में जनसभा को संबोधित कर रहे हैं। चिल्हाटी गांव में आयोजित सभा में नड्डा ने भाषण की शुरुआत भारत माता की जय और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारों से की। इससे पहले नड्डा ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में कहा कि यहां मैंने एक नारा सुना- अब न सहिबो, बदलकर रहिबो। ये इसलिए जरूरी है कि कांग्रेस का विकास के साथ 36 का आंकड़ा है। जहां कांग्रेस होगी, वहां भ्रष्टाचार होगा, अनाचार होगा, अत्याचार होगा। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ को अटल जी ने बनाया है। इसे हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे। इससे पहले नड्डा ने अपने भाषण की शुरुआत वीर गुंडरदेही की धरती को नमन करने से की। वहीं माइक के ठीक से काम नहीं करने पर तंज किया कि इसे कहीं भूपेश बघेल की बीमारी तो नहीं लग गई। नड्डा ने मोदी सरकार की योजनाएं और आदिवासी हितों में लिए गए फैसले को बताया। साथ ही घोषणापत्र के वादों को गिनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा आएगी तो विकास की गारंटी पक्की है, लेकिन अगर उनको लेकर आए, यानी बघेल और कांग्रेस को लेकर आए तो लूट की गारंटी पक्की है।

मैं 'अकबर-बाबर' और 'औरंगजेब' के खिलाफ बोलते रहूंगा : सरमा

छत्तीसगढ़/नवप्रदेश। बिलासपुर के तखतपुर में असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि भूपेश बघेल का समय हो गया। अब सत्ता से उनकी विदाई होगी। भूपेश गंगा माई का शपथ लेते हैं कि दारू बंद करेंगे, लेकिन शराब की होम डिलीवरी हो गई। जो व्यक्ति गंगा माई के नाम से, गाय और गौठान के नाम पर झूठ बोल सकता है। उस पर जनता कभी विश्वास नहीं करेगी, उन्हें माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि मैं अकबर-बाबर और औरंगजेब के खिलाफ बोलते रहूंगा। असम के सीएम हिमंत सरमा ने रविवार को तखतपुर में चुनावी सभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी धरमजीत सिंह के पक्ष में वोट करने की अपील की। हिमंत ने कहा कि ईडी-सीबीआई पर भूपेश सवाल खड़े करते हैं। उनके अधिकारी और नेता जेल में हैं। सही होते तो बेल में होते, जेल से बाहर होते। पूरे छत्तीसगढ़ को बघेल ने बदनाम कर दिया। सब तरफ घोटाला ही घोटाला किया। मंत्री अकबर के खिलाफ बोलने पर कांग्रेस के लोग इलेक्शन कमीशन से मेरी शिकायत करते हैं। बोलते हैं आपने अकबर का अपमान किया। मैं अकबर और बाबर के लिए बोलते रहूंगा। जब तक मेरा प्राण रहेगा तब तक अकबर, बाबर और औरंगजेब के खिलाफ बोलूंगा। मोदी की गारंटी पर भूपेश सवाल खड़े करते हैं, लेकिन मोदी जो बोलते हैं वो काम होता है। पूरा देश मोदी जी के गारंटी को देख रहा है। छत्तीसगढ़ के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार बनानी होगी। बीजेपी को एक दो रन बनाने का जरूरत नहीं। बीजेपी सिक्स मारने वाली पार्टी है। बीजेपी पूरे छग की तस्वीर बदलेगी। नामुमकिन को मुमकिन करने का नाम ही नरेंद्र मोदी है।

कांग्रेस सरकार ने महिलाओं से विश्वासघात किया : स्मृति

कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को कोंडागांव में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की उन्नत्ति के लिए जनता से भाजपा को वोट देने की अपील की। जनसभा में स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर जमकर हमला किया। स्मृति ईरानी बोली - बघेल सरकार ने महिलाओं से विश्वासघात किया। ना शराब बंदी की, ना गैस की कीमत कम। महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को नहीं रोका। इसलिए मैं कहती हूं कि, कमल का बटन दबाओ और भाजपा को जिताओ। भाजपा के कार्यकर्ताओं की गारंटी है। आप भाजपा को जिताओ और हमारे योजना के तहत अयोध्या में भव्य राम मंदिर के दर्शन करो। मुझे विशवास है की आप प्रदेश की उन्नति के लिए भाजपा का बटन दबाएंगे।

पीएम मोदी किसानों के नहीं अडानी के मितान हैं : धनंजय

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि किसान विरोधी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह मोदी की चाटुकारिता में किसान विरोधी मोदी को किसानों का मितान बताकर मितान जैसे पवित्र रिश्ता को अपमानित कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मितान एक ऐसा रिश्ता है जो एक दूसरे के सुख और दुख में मजबूती के साथ खड़ा होता है और मोदी तो हमेशा किसानों के विरोध में काम किये हैं। असल में मोदी किसानों के नहीं बल्कि अडानी के मितान है क्योंकि प्रधानमंत्री की पद की शपथ लेने के बाद मोदी ने सिर्फ अडानी के हित में काम किया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मोदी अगर किसानों के मितान होते तो दिल्ली की सीमा में किसान 14 महीना तक भरी गर्मी, तेज बारिश, कड़ाके के ठंड में खेत खलिहान

घर द्वार बचाने आंदोलन नही करते, 800 से अधिक किसानों को अपनी जान गवानी नही पड़ती। मोदी अडानी की मित्रता देश ही नही पूरी दुनिया मे चर्चित है कि कैसे अडानी के फायदे के लिये भाजपा की केंद्र राज्य की सरकार लगी है। अडानी के हित में ही तो तीन काला कृषि कानून लाया गया था और किसानों को गुलाम बनाने का षड्यंत्र रचा गया था कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के किसान विरोधी चरित्र को छत्तीसगढ़ के किसान पहचानते है। ये वही रमन सिंह है जिन्होंने किसानों को धान की कीमत 2100 रु. प्रति क्विंटल और 300 रु. बोनस नहीं दिया। आदिवासी वर्ग को 10 लीटर दूध देने वाली जर्सी गाय और उनके परिवार के एक सदस्य को नौकरी नहीं दिया, बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ते का वादा नहीं निभाया और प्रदेश की संपत्ति को बेचकर भ्रष्टाचार कमीशन खोरी किया। गरीबों के अनाज में डाका डाला गया। एक लाख करोड़ का घोटाला रमन सरकार में हुआ था और उस घोटाले में भाजपा के केंद्रीय नेता भी शामिल थे। किसान जब खेत के लिये जलाशय की पानी मांग करते थे तो यही रमन सिंह किसानों के ऊपर लाठी भंजवाते थे। 15 साल में रमन सरकार किसानों के हित में काम करते, किसानों से किए वादों को पूरा करते तो प्रदेश में 15000 किसानों को आत्महत्या करना नहीं पड़ता। किसान अपनी जमीन बेचने मजबूर नहीं होते।

हमारी सरकार बनी तो 32 सौ रुपए में करेंगे धान खरीदी : अरविंद केजरीवाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस ने घोषणा पत्र जारी कर दिया है। जिसके बाद से राजनीतिक बयान बाजी तेज हो गया है। कांग्रेस के घोषणा पत्र को बीजेपी का नकल करना बता रही है तो इधर कांग्रेस ने अपने 20 वादे को सर्व जनहिताय वाली घोषणापत्र करार दिया है। किसानों को लेकर हुए बड़े ऐलान के बीच आम आदमी पार्टी ने भी बड़ा ऐलान कर दिया है। बिलासपुर के मस्तूरी पहुंचे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रत्याशी धरमदास भार्गव के समर्थन में वोट की अपील की। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि अगर आप' की सरकार बनी तो हम किसानों से पूरा धान खरीदेंगे, वो भी 3200 रूपये में। रबी हो या खरीफदोनों ही फ सल का एक-एक दाना एमएसपी पर खरीदेंगे। भगवंत मान ने कहा छत्तीसगढ को बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने बारी-बारी से लूटा है। मान ने बीजेपी के घोषणपत्र पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, अब मोदी भी गारंटी दे रहे हैं लेकिन आम आदमी जानता है इनकी गारंटी नकली है। इस देश में सिर्फ केजरीवाल ही असली गारंटी देता है और उसे पूरा करता है। राज्यसभा सदस्य डॉ. संदीप पाठक और प्रदेश प्रभारी संजीव झा भी रोड शो में शामिल हुए।

नक्सलियों की आड़ लेकर कांग्रेस हिंसा पर उतरी : बीजेपी

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा है कि पिछले 9 महीनों में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की नक्सलियों द्वारा लगातार की जा रही टारगेट किलिंग को प्रदेश की भूपेश सरकार संरक्षण दे रही है। श्री गुप्ता ने बस्तर के नारायणपुर जिला भाजपा उपाध्यक्ष और विधानसभा संयोजक रतन दुबे की शनिवार को की गई नृशंस हत्या पर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या की शुरुआत हो चुकी है। हार के डर से नक्सलियों की आड़ लेकर कांग्रेस हिंसा पर उतर गई है

और चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने में लगी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि नागरिक सुरक्षा प्रदेश सरकार का दायित्व होता है, लेकिन ठीक चुनाव के मौके पर भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की टारगेट किलिंग नहीं रुकना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश में भूपेश सरकार अपना वर्चस्व पूरी तरह खो चुकी है और उसके पाँव उखड़ गए हैं। प्रदेश का आदिवासी समुदाय कांग्रेस का साथ छोड़ चुका है। रविवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार के संरक्षण में इसी वर्ष में अब तक 9 भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की टारगेट किलिंग राजनीतिक कारणों से की गई है। छत्तीसगढ़ में राजनीतिक प्रतिशोध में इस तरह की टारगेट किलिंग का सिलसिला यह स्पष्ट करता है कि प्रदेश में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। प्रदेश में भाजपा नेताओं की हत्या का षड्यंत्र रचा जा रहा है और चुनाव के दौरान सभा और लगातार भाजपा के पक्ष में दौरा कर रहे स्व. दुबे की हत्या के बाद यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या भाजपा का कार्यकर्ता होना क्या ऐसा अपराध है कि मौत की सजा दी जाए? क्या भूपेश सरकार भाजपा कार्यकर्ता होने की यह सजा दे रही है। श्री गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए स्व. दुबे का यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। पत्रकारों से चर्चा के दौरान भाव विह्वल हो चले श्री गुप्ता ने कहा कि पूरी भाजपा स्व. दुबे के परिवार के साथ खड़ी है।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग से पूछा भाजपा प्रत्याशी ओपी चौधरी और राज्यपाल पर क्या कार्यवाही हुई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ विधानसभा के बीजेपी प्रत्याशी ओपी चौधरी और रेलवे में सेवारत उनकी पत्नी अदिति पटेल और सीआरपीएफ के विरूद्ध की गई आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने की शिकायत पर आज दिनांक तक क्या कार्यवाही हुई।

शिकायत में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में हो रहे आसन्न विधानसभा चुनाव में रायगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी ओपी चौधरी और उनकी पत्नी अदिति पटेल के विरूद्ध 27 अक्टूबर और 3 नवंबर को शिकायत की

गई थी। जिसके पश्चात सीआरपीएफ के विरूद्ध और ओडिसा के राज्यपाल रघुबर दास के विरूद्ध आचार संहिता का खुला उल्लंघन करने की शिकायत आपके समक्ष की गई थी लेकिन उक्त शिकायत पर आपके द्वारा क्या कार्यवाही हुई इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अवगत नहीं कराया गया है। साथ ही उक्त शिकायत पर आपके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है इस प्रकार से आदर्श आचार संहिता के नियमों का घोर उल्लंघन हो रहा है। उक्त के संबंध में यदि तत्काल हमें लिखित में जानकारी नहीं दी गई तब ऐसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग का घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी आपकी होगी। ज्ञापन सौंपने वाले में कांग्रेस विधि विभाग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. देवा देवांगन, राजू अली, नंदकुमार पटेल, कहकसा दानी, राजकुमार कड़ोले, मोईन कुरैशी, अंकित मिश्रा, एम. नईम, राम शंकर सोनकर उपस्थित थे।

कांग्रेस नहीं चाहती थी कि अयोध्या में कभी राम मंदिर बने : योगी

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 20 सीटों के लिए प्रचार के अंतिम दिन रविवार को बस्तर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जमकर गरजे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, कांग्रेस नहीं चाहती थी कि अयोध्या में राम मंदिर बने।

अगर कांग्रेस चाहती तो लंबे समय तक उनकी सरकार रही उन्होंने राम मंदिर का निर्माण नहीं करने दिया विवाद खड़ा किया। वे राम भक्तों को पिटवाते थे। उनके सहयोगी गोली चलवाते थे। उन्होंने तो कहा कि राम हुए की नहीं हम ये भी नहीं जानते। ये लोग

भागवान राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न खड़ा कर रहे थे। योगी बस्तर में भाजपा प्रत्याशी मनीराम कश्यप व सुकमा में प्रत्याशी सोयम मुक्का के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया।

पाकिस्तान के सेफा पहुंचने की उम्मीदें बरकरार

विश्व कप क्रिकेट: डकवर्थ-लुइस मैथड से न्यूजीलैंड को 21 रन से हराया

बेंगलुरू। विश्व कप क्रिकेट के सेमीफाइनल में पहुंचने की पाकिस्तान की उम्मीदें अभी भी बरकरार हैं। आज पाकिस्तान ने बारिश से प्रभावित मुकाबले में न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुइस मैथड के तहत 21 रन से हरा दिया है। शनिवार को मिली इस जीत से पाकिस्तान की टीम पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर आ गई है और सेमीफाइनल की रेस में बरकरार है। फखर जमान ने 81 बॉल पर नाबाद 126 और कप्तान बाबर आजम ने 63 बॉल पर नाबाद 66 रन बनाए। फखर जमान ने शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईसीसी विश्व कप 2023 के 35वें मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 402 रनों का पीछा करते हुए पाकिस्तान के लिए सबसे तेज वनडे विश्व कप शतक लगाया।

बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कीवी टीम के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए 20वें ओवर में 63 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। फखर जमान ने इमरान नजीर के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 2007 किंग्स्टन विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ 95 गेंदों में शतक बनाया था, जो इसे विश्व कप इतिहास में किसी पाकिस्तानी बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक के रूप में चिह्नित करता है। इसके अलावा, फखर ने किसी पाकिस्तानी खिलाड़ी द्वारा विश्व कप की एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने के नजीर के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया, क्योंकि नजीर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 121 गेंदों पर 160 रन की पारी के दौरान आठ छक्के लगाए थे। फखर ज़मान का 63 गेंदों में शतक विश्व कप के सबसे तेज़ शतकों की सूची में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर है, भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने भी विश्व कप के इस संस्करण के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ 63 गेंदों में शतक बनाया था। सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र (108) के शानदार शतक और कप्तान केन विलियम्सन की 95 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप मुकाबले में शनिवार को छह विकेट पर 401 रन का विशाल स्कोर बना लिया था।

खिलाड़ी अंडर 16 टेनिस बॉल नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयनित

मुंगेली/नवप्रदेश। सन राइस क्रिकेट सोसाइटी के 6 खिलाड़ियां महाराष्ट्र धुले में अपना जौहर दिखाएंगे। भारती टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वधान में टेनिस बॉल क्रिकेट संघ का महाराष्ट्र द्वारा 28वी सब जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 3 से 6 नवंबर तक दोंडाईचा जिला धुले महाराष्ट्र में आयोजित है। सन राइस क्रिकेट सोसाइटी के संचालक जलश यादव ने बताया कि 6 खिलाड़ियां अंडर 16 टेनिस बॉल नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए चयनित हुए है। चयनित खिलाड़ी भुवाल जांगड़े, सुयश डिंडोर, यश गोस्वामी, श्रेयांश उपाध्याय, चित्रांश साहू, शनि बंजारे सभी प्रतिभाशाली है। कोच व संचालक जलेश यादव ने बताया कि महिला क्रिकेट छत्तीसगढ़ में अकादमी की अपनी एक अलग पहचान हैं। बालिका के साथ साथ बालक खिलाड़ी भी अपनी जबरदस्त खेल से अपनी एक अलग पहचान बना रहे है। हमारे यहां बालिकाओं, दिव्यांग खिलाड़ियों को निशुल्क व दूसरे से कम शुल्क में अभ्यास कराया जाता है। वैसे हमारे यहां ड्यूज बॉल से क्रिकेट सिखाया जाता है , लेकिन टेनिस बॉल क्रिकेट से खिलाड़ियों को बाहर जाने से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस कारण उन्हें टेनिस बॉल भी खिलाया जाता हैं।

हार्दिक के बाहर होते ही बीसीसीआई ने किया केएल राहुल को उपकप्तान नियुक्त

नई दिल्ली। हार्दिक पांड्या के टखने की चोट के कारण टूर्नामेंट के शेष भाग से बाहर होने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल को भारतीय टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने शनिवार को पुष्टि की कि पांड्या को एकदिवसीय विश्व कप के बाकी बचे मैचों से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि वह बाएं टखने की चोट से उबरने में नाकाम रहे थे, जो उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ 19 अक्टूबर को लीग मैच के दौरान लगी थी। द इंडिया एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, राहुल अब उप-कप्तान के रूप में गेंदबाजों और बल्लेबाजों की सभी टीम बैठकों में भाग लेंगे और टीम प्रबंधन सभी प्रमुख निर्णयों में उनसे परामर्श करेगा। बीसीसीआई ने शेष विश्व कप के लिए केएल राहुल को भारतीय टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया, उन्हें शनिवार सुबह चयन समिति के अध्यक्ष अजीत आगरकर ने इसकी जानकारी दी, जो टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं। स्टंप के पीछे राहुल का प्रदर्शन शानदार रहा है, उन्होंने सनसनीखेज कैच लेकर और असाधारण बचाव करके उल्लेखनीय चपलता प्रदर्शित की है।

जोकोविच, रूबलेव को हराकर फाइनल में पहुंचे

पेरिस। नोवाक जोकोविच रोलेक्स पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में आंद्रे रुबलेव पर 5-7, 7-6 (3), 7-5 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में पहुंच गए हैं। खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में टेनिस में एक नंबर रैकिंग वाले जोकोविच ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए अपने करियर के रिकॉर्ड-विस्तारित 58वें मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंच गये है। वह अब रिकॉर्ड-विस्तारित 40वें मास्टर्स 1000 खिताब से एक जीत दूर हैं।

जोकोविच की इस वर्ष की यह 50वीं जीत है। वह एक ही वर्ष में 50 या अधिक मैच जीते का कारनामा 14 बार कर चुके है। वह ओपन में 14 अलग-अलग सत्र में 50 या अधिक मैच जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं और जिमी कॉनर्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जोकोविच ने वर्ष 2007 में (68), 2008 में (64), 2009 में (78), 2010 में (61), 2011 में (70), 2012 में (75), 2013 में (74), 2014 में (61), 2015 में (82), 2016 में (65), 2018 में (53), 2019 में (57) और 2021 (55) जीत दर्ज की थी।

जोकोविच अब अपने सातवें रोलेक्स पेरिस मास्टर्स खिताब से एक जीत दूर हैं। टूर्नामेंट के इतिहास में किसी अन्य खिलाड़ी ने इसे तीन से अधिक बार यह खिताब नहीं जीता है। जबकि जोकोविच छह बार रोलेक्स पेरिस मास्टर्स खिताब जीत चुके है। इसी के साथ उन्होंने मास्टर्स 1000 के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ जीत प्रतिशत के मामले में राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया है।

सचिन ने किया एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 का उद्घाटन

हैदराबाद। अपने समय के दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर ने रविवार को एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 का उद्घाटन किया। आज सुबह गाचीबोवली स्टेडियम में आठ हजार उत्साही धावकों के बीच सचिन तेंदुलकर ने एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाई।

सचिन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस हैदराबाद हाफ मैराथन 2023 के लिए लगभग 8,000 उत्साही धावकों को भाग लेते देखना शानदार था। मैं व्यक्तिगत रूप से दृष्टिबाधित धावकों के साहस से प्रभावित हुआ। वे हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। हमारे ग्रह के स्वास्थ्य की देखभाल करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि हमारे स्वयं के स्वास्थ्य की देखभाल करना। इस दिशा में एक पहल यह है कि सभी मैराथन प्रतिभागियों की ओर से हमारे द्वारा 10 हजार पेड़ लगाए जा रहे हैं।

इंडियन 2 की पहली झलक आई सामने, कमल हासन का दिखा धांसू अवतार

सुपरस्टार कमल हासन और निर्देशक शंकर की अपकमिंग मूवी इंडियन 2 का इंतजार लंबे वक्त से दर्शकों को है। इस फिल्म का धांसू इंट्रो टीजर मेकर्स ने रिलीज कर दिया।

इस मूवी को हिंदी में हिंदुस्तानी 2 के नाम से रिलीज किया जा रहा है। ये निर्देशक शंकर की पैन इंडिया मूवी है। जो 90 के दशक में आई कमल हासन और शाहरुख खान स्टारर फिल्म हिंदुस्तानी का सीक्वल है। उस वक्त भी ये मूवी ब्लॉकबस्टर रही थी। जाहिर है ऐसे में फिल्म के दूसरे पार्ट का भी दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। ये मूवी लंबे वक्त से मेकिंग प्रोसेस में थी। अब ये मूवी पोस्ट प्रोडक्शन फेज में पहुंची हैं। जिसके बीच मेकर्स ने एक वीडियो के जरिए इस फिल्म का इंट्रोडक्शन फैंस को दिया है।

बता दें कि कमल हासन और निर्देशक शंकर की फिल्म इंडियन 2 पर फैंस टकटकी लगाए बैठे हैं। ये मूवी अगले साल 2024 तक ही रिलीज हो सकेगी। फिलहाल मेकर्स ने फिल्म की एक झलक फैंस को इस वीडियो के जरिए दिखाई है।कमल हासन स्टारर निर्देशक शंकर की ये एक पैन इंडिया रिलीज मूवी है। जिसे हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म को लेकर फैंस के बीच अभी से ही उत्साह है। फिल्म में कमल हासन के अलावा सिद्धार्थ, रकुल प्रीत सिंह और काजल अग्रवाल जैसे दमदार सितारे हैं। जबकि, ब्रह्मानंदम इस मूवी में अपनी कॉमेडी से दर्शकों को एंटरटेन करेंगे। निर्देशक शंकर की इस फिल्म को लायका प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। इस मूवी को बनाने में मेकर्स ने करीब 250 करोड़ रुपये लगाए हैं। फिल्म को बनने में ही 3 साल से ज्यादा का वक्त लगा है। ये फिल्म कई वजहों से बार-बार बनते-बनते रुकी और फिर बनी। ऐसे में फिल्म को बनाने में मेकर्स ने काफी मेहनत की है। इस फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंद्र देने वाले हैं।

सलमान की टाइगर 3 में शाहरुख खान के अलावा ऋतिक रोशन का भी होगा कैमियो

आदित्य चोपड़ा की महत्वाकांक्षी स्पाई यूनिवर्स बॉलीवुड की सबसे चर्चित और सफल यूनिवर्स में से एक है। इस यूनिवर्स में टाइगर, वॉर और पठान शामिल हैं। इसकी अगली फिल्म टाइगर 3 जल्द रिलीज होने वाली है। फिल्म में सलमान खान और कैटरीना कैफ अपनी भूमिका टाइगर और जोया को निभाएंगे। अब प्रशंसकों के लिए एक दिलचस्प खबर सामने आई है। टाइगर 3 में सलमान, शाहरुख खान और ऋतिक रोशन तीनों सुपरस्टार नजर आएंगे। टाइगर 3 में शाहरुख के कैमियो की खबर पहले से ही चर्चा में है। वह फिल्म में पठान की भूमिका में नजर आएंगे।पठान में सलमान ने टाइगर के रूप में दस्तक दी थी। उनका एक्शन दर्शकों को खूब पसंद आया था। ऐसे में दर्शक टाइगर में फिर से दोनों को देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। तीनों प्रमुख जासूसों के एक फिल्म में आने से यूनिवर्स के भविष्य की कहानियों को नई दिशा मिलेगी। टाइगर 3 में कबीर के किरदार को लेकर कोई जानकारी उजागर नहीं की गई है।चुनिंदा लोगों को ही पता है कि कहानी में कबीर के किरदार को किस तरह शामिल किया जाएगा। फिलहाल यह भी साफ नहीं है कि तीनों सुपरस्टार एक फ्रेम में नजर आएंगे या नहीं।फिलहाल फिल्म में तीनों जासूसों की खबर ने सबको उत्साहित कर दिया है। इस साल आई पठान के साथ यशराज फिल्म्स ने स्पाई यूनिवर्स की घोषणा की थी।टाइगर 3 के बाद यूनिवर्स की अगली फिल्म वॉर 2 है, जिसमें ऋतिक मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में कियारा आडवाणी भी शामिल होंगी।

बिजनेस

वैश्विक रुख से तय होगी बाजार की चाल

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों को यथावत रखने से बीते सप्ताह हुई लिवाली की बदौलत करीब एक प्रतिशत की बढ़त पर रहे घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह वैश्विक रुख से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 580.98 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 64363.78 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 183.35 अंक यानी 0.96 प्रतिशत मजबूत होकर 19230.60 अंक पर पहुंच गया। समीक्षाधीन सप्ताह दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 623.35 अंक अर्थात दो प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 31735.86 अंक और स्मॉलकैप 701.03 अंक यानी 1.9 प्रतिशत उछलकर 37589.06 अंक पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, मजबूत वैश्विक संकेतों, स्थिर मैक्रो-इकोनॉमिक डाटा और मजबूत घरेलू कॉर्पोरेट आय से बाजार को बढ़ावा मिला है। ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के भविष्य में दरें बढ़ाने की संभावना नहीं है और तेल की कीमतों में मामूली गिरावट निवेशकों की उम्मीद को बढ़ा रही है। इसके साथ ही कंपनियों के चालू वित्त वर्ष की दूसरी तमाही के मजबूत आंकड़ों से बाजार को समर्थन मिल रहा है।

वहीं, इजराइल-हमास संघर्ष का जारी रहना बाजार पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इसका असर अगले सप्ताह भी बाजार पर देखा जा सकता है। साथ ही केंद्रीय बैंकों के ब्याज दरों को यथावत रखने के निर्णय पर भी निवेशकों की नजर बनी हुई है। इसके अलावा अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह और कंपनियों के तिमाही नतीजे की भी अहम भूमिका रहेगी।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.6 अरब डॉलर से बढ़कर 586.1 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 27 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.6 अरब डॉलर बढ़कर 586.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 2.4 अरब डॉलर घटकर 583.5 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 27 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.3 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 517.5 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 49.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 45.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.5 करोड़ डॉलर की कमी आई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 20.8 डॉलर की गिरावट के साथ 4.8 अरब डॉलर रह गई।

खाद्य तेल और दलहन में उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव नरम रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा। तेल-तिलहन = वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा सप्ताहांत पर 27 रिंगिट की गिरावट के साथ 3653 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.56 सेंट उतरकर 50.78 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सूरजमुखी तेल 148 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19926 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12160 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11062 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8333 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10200 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

71 लाख भारतीयों का व्हाटसएप अकाउंट बैन

नई दिल्ली। मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने नए आईटी नियम 2021 के अनुपालन में सितंबर महीने में भारत में रिकॉर्ड 71 लाख से अधिक खराब खातों पर प्रतिबंध लगा दिया। कंपनी ने 1 से 30 सितंबर के बीच 71,11,000 खातों पर प्रतिबंध लगा दिया। व्हाट्सएप ने अपनी मासिक अनुपालन रिपोर्ट में कहा कि उपयोगकर्ताओं की किसी भी रिपोर्ट से पहले इनमें से लगभग 25,71,000 खातों पर सक्रिय रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया।

सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, जिसके देश में 50 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं, को सितंबर में देश में रिकॉर्ड 10,442 शिकायत रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिनमें से 85 पर कार्रवाई की गई। एकाउंट्स एक्शनड उन रिपोर्टों को दर्शाता है, जहां व्हाट्सएप ने रिपोर्ट के आधार पर उपचारात्मक कार्रवाई की और कार्रवाई करने का मतलब या तो किसी खाते पर प्रतिबंध लगाना है या परिणामस्वरूप पहले से प्रतिबंधित खाते को बहाल करना है।

कंपनी के अनुसार, इस उपयोगकर्ता-सुरक्षा रिपोर्ट में प्राप्त उपयोगकर्ता शिकायतों और व्हाट्सएप द्वारा की गई कार्रवाई के साथ-साथ हमारे प्लेटफॉर्म पर दुरुपयोग से निपटने के लिए व्हाट्सएप की अपनी निवारक कार्रवाइयों का विवरण शामिल है।

इसके अलावा, कंपनी को सितंबर में देश में शिकायत अपीलीय समिति से छह आदेश मिले और उन्होंने इसका अनुपालन किया।

लाखों भारतीय सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र ने हाल ही में शिकायत अपीलीय समिति (जीएसी) लॉन्च की है जो सामग्री और अन्य मुद्दों के संबंध में उनकी चिंताओं को देखती है। नवगठित पैनल, बिग टेक कंपनियों पर लगाम लगाने के लिए देश के डिजिटल कानूनों को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है, जो सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के फैसलों के खिलाफ उपयोगकर्ताओं द्वारा की गई अपील पर गौर करेगा।

23 साल बाद भी ग्रामीणों को है सड़क का इंतजार, सब्र का बांध टूटा

बैकुंठपुर /नवप्रदेश। भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में बीते पांच सालों में भले ही विकास की गंगा बहाने के तमाम दावे जनप्रतिनिधियों के द्वारा किये जा रहे है लेकिन इन विकास के दावों की पोल उस वक्त खुल गई जब चुनाव के वक्त प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशी व उनके समर्थक कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड के भरतपुर सोनहत विधानसभा अंतर्गत भलुवार, रजपुरी व परिहत अपने प्रत्याशी के समर्थन के लिए पहुँच रहे जहा उन्हें ग्रामीणों का विरोध का सामना करना पड़ रहा जबकि गांव में ग्रामीण मतदाताओ की लंबे अरसे से सिर्फ एक ही विकास कार्य की मुख्य मांग रही है।वह है मुख्य मार्ग से गांव तक पक्की सड़क का निर्माण हो किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य बनने से लेकर अब तक हुए चुनाव में उनकी यह मांग सिर्फ मांग में ही तब्दील हुई है क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बदलते है पर गांव की तकदीर नही बदली जिससे वहा के ग्रामीण हर बार दूसरे प्रत्याशी को समर्थन दे कर केवल उम्मीद के सहारे ही वोट कर रहे किन्तु जनप्रतिनिधि तो दूर जिला प्रशासन भी उन तक नही पहुँच सका ।

हम बात कर रहे है कोरिया जिले के सोनहत विकासखण्ड मुख्यालय से लगभग 6 से 10 किलोमीटर दूर बसे गांव भलुवार,रजपुरी और परिहत की जो मुख्य मार्ग से लगभग 10 किलोमीटर अंतराल में तीन गांव बसे है जहा तक मुख्य मार्ग से पहुचने के लिए कच्ची सड़क से होकर बड़ी मुश्किलो से गुजरना पड़ता है। बारिस के दिनों तो भारी मुश्किल का सामना करना पड़ता है राहगीरों को बड़ी मशक्कत से रोड में गिरते पड़ते मुख्यालय तक पहुचते है कई बार राहगीर गंभीर चोटिल भी हुए है स्वास्थ्य सुविधा के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत का सहारा है । एम्बुलेंस इस गांव तक नही पहुच पाती मुख्य मार्ग तक ही आती और जाती है। बाकी कच्चे मार्ग में ग्रामीण प्रसूति महिला को अपनी सुविधा अनुसार दो पहिया वाहन या खाट में लेटा कर पैदल लाते और ले जाते है। चुनाव में हमेशा ग्रामीणों की मांग रहती है पक्की सड़क की ये वक्त ऐसा होता है जब इन्हें नेताजी गहरा विस्वास दिलाते है। पर विजयी होने के बाद वादा भूल जाते है यही कारण है कि आज यहाँ के स्थानीय ग्रामीण काफी आक्रोशित है और आपसी विचार विमर्श कर रहे इतना ही नही मतदान भी नही करने का विचार कर रहे है । ग्रामीणों ने कांग्रेस के पांच साल और विधायक पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान विधायक से पक्की सड़क की मांग की गई तो विधायक ने कहा कि आप लोग मुझे वोट नही दिए थे इस लिए सड़क नही बनेगी जिस कारण आज भी विकास से अछूता है इनका गांव।

घाट कटिंग वह भी खानापूर्ति

मिली जानकारी अनुसार इन गाँव तक पहुँचने विधायक निधि से लगभग पाँच लाख रुपये घाट कटिंग के नाम से स्वीकृति भी हुआ जहा काग्रेस के ही कार्यकर्ता ने महज खानापूर्ति कर समस्त राशि निर्माण एजेंसी पंचायत से दबाव बना आहरण कर लिया किन्तु सड़क की हालात नही सुधरी जिससे ग्रामीण पर प्रत्याशी का विरोध कर रहे वही प्रत्याशी भी गाँव तक नही पहुँच पा रहे ।

न्यूज गैलरी

कोरबा में सौ वर्षीय 141 वोटर्स डालेंगे वोट

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में कोरबा जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारी अंतिम चरण में है। इस चुनाव में कोरबा जिले में कुल नौ लाख 20 हजार 85 मतदाता अपना वोट डालेंगे। लोकतंत्र के इस महापर्व में कोरबा जिले के 141 ऐसे मतदाता भी अपना बहुमूल्य मतदान करेंगे जिनकी आयु 100 वर्ष से अधिक है। ऐसे मतदाताओं को मतदान करने में सहयोग के लिए पृथक से मतदान दलों का गठन भी किया गया है। ये मतदान दल वरिष्ठ मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान में सहयोग करेंगे।

सट्टा पट्टी और नगदी के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का एवं थाना प्रभारी कोतवाली रूपक शर्मा के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में 4 नवम्बर 2023 को दो सटोरियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। जानकारी के अनुसार 04 नवम्बर 2023 को सुचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग मुड़ापार में नवधा चौक के पास रुपयों का दांव लगाकर सट्टा खेल रहे है। उक्त सूचना के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मुड़ापार निवासी प्रदीप ठाकुर उर्फ़ निक्कू तथा अनुराग चौहान उर्फ़ अन्नू से सट्टापट्टी व नगदी रकम 2100 रुपये को जप्त कर आरोपियों को जुआ एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में महिला प्रधान आरक्षक स्मिता बेक, आरक्षक अशोक पाटले एवं गंगाराम डांडे शामिल रहे।

15 लाख कैश और 1 किलो चांदी जप्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जिला निर्वाचन की एसएसटी, एफएसटी, पुलिस और आरपीएफ की टीमों ने चेकिंग के दौरान 15 लाख रुपए नकदी और 1 किलो चांदी पकड़ा है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सकरी थाना अंतर्गत एसएसटी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक व्यक्ति से 6,00,000 रुपए नगद बिना वैध दस्तावेज के परिवहन करते पकड़ा गया है. वहीं मस्तूरी थाना अंतर्गत एसएसटी और पुलिस की टीम ने एक व्यक्ति से 69,000 रुपए नगद बरामद किया गया है. इसी तरह तोरवा थाना अंतर्गत एफएसटी, पुलिस और आरपीएफ की टीमों ने एक व्यक्ति से बिना वैध दस्तावेज के 3,42,000 रुपए कैश जब्त किया है. वहीं तोरवा थाना अंतर्गत ही एफएसटी, पुलिस और आरपीएफ की टीम ने एक व्यक्ति से 3,01,000 रुपए नगद और एक अन्य व्यक्ति से बिना वैध दस्तावेज के 1,50,000 रुपए कैश और लगभग 1 किग्रा. चांदी परिवहन करते बरामद किया है.

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम नवागांव खरोरा में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नंदकुमार गेन्द्रे 38 वर्ष ग्राम भेजरीडीह खरोरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि नंदकुमार अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। तभी ग्राम नवागांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। अर्जुन नगर समता कालोनी में पूर्व विवाद को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट की। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सूरज सारथी 23 वर्ष गोपाल नगर गुढियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी गौरव इंग्ले व कनवर बाग ने पुराने विवाद को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सुबह से भूखा प्यासा बैठा रहा मतदान दल, नहीं मिली गाड़ी

नोडल अधिकारी ने वाहन व्यवस्था से कर दिया इंकार

कांकेर/नवप्रदेश। मतदान की तारीख अब दूर नही है। मतदान दल अपने अपने केंद्र रवाना होते जा रहे है। शनिवार को नरहरदेव हाईस्कूल में सुबह नौ बजे से करीब तीन सौ कर्मचारी अंतागढ़ और पखांजूर में मतदान कराने मतदान दल भूखे प्यासे वाहन का इंतजार करते हुए बैठे रहे। दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास मतदान दल में शामिल कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा।

वाहन के इंतजार में बैठे कर्मचारियों के गुस्से की भनक मीडिया को लगी तब कर्मचारियों ने बताया की शनिवार की सुबह नौ बजे से नरहरदेव हाईस्कूल में करीब तीन सौ कर्मचारी अंतागढ़ विधानसभा के अंतागढ़ और पखांजूर के मतदान केंद्रों में ड्यूटी लगाई गई है। लेकिन सुबह से वाहन की व्यस्था नहीं कराई गई। अपने मतदान केंद्र तक जाने वाहन के इंतजार में बैठे कर्मचारी कोमल सिन्हा मनोज सिन्हा सुरेश नाग ने बताया की हमारे नोडल अधिकारी डीईओ भुवन जैन को वाहन संबंधित शिकायत दर्ज कराई गई नोडल अधिकारी ने मतदान दल को यह कहते हुए पल्ला झाड़ दिया की अंतागढ़ पखांजूर के लिए आप स्वयं वाहन की व्यस्था कर लीजिए नोडल अधिकारी के जवाब के बाद कर्मचारियों में जमकर आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रशासन के घटिया इंतजाम पर सवाल उठाते हुए चुनाव आयोग के नियमों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कर्मचारियों ने बताया कि आखिर हम अतिसंवेदन शील इलाके पर हम अपनी सुविधा से मतदान केंद्र पहुचेंगे अगर इस दौरान मतदान दल के साथ कुछ घटना दुर्घटना होती है तो इसके जिम्मेदार कौन होगा ! फिर भी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करना पहला कर्तव्य है। मतदान केंद्र में बदइंतजामी के बावजूद मतदान दल मतदान केंद्र पहुंचने वाहन के इंतजार में भूखे प्यासे बैठे है लेकिन मातहत कर्मचारियों की सुध लेने वाला कोई नही दिखा।

नक्सलियों का फरमान मतदान से दूर रहें ग्रामीण

- पुलिस नक्सलियों के बीच मुठभेड़, नक्सल कैंप ध्वस्त एसपी ने की पुष्टि

कांकेर/अंतागढ़/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव 2023 में माओवादी अपनी मौजूदगी का एहसास कराने में कोई कसर छोड़ते दिख नहीं रहे हैं।

अंतागढ़ विधानसभा जो अतिसवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। विधानसभा चुनाव को लेकर माओवादियों की तरफ से कोई ना कोई चुनाव बहिष्कार को लेकर बैनर पोस्टर जारी कर ग्रामीणों को चेताकर चुनाव में मतदान से दूर रहने धमकियां देते नज़र आ रहे हैं।

रविवार 5 नवंबर को नक्सल अभियान के अंर्तगत अंतागढ़ थाना क्षेत्र में डीआरजी बीएसएफ़ की टीम एवं नक्सलियों के बीच क़रीब 7-8 बजे मुठभेड़ होने की जानकारी पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने द है। पुलिस नक्सलियों की बीच हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने नक्सल कैंप को ध्वस्त करने में कामयाब हुई है।

मुठभेड़ के बाद स्थानीय पुलिस सहित बीएसएफ जवानों के द्वारा एरिया में सर्चिंग अभियान चलाकर कार्यवाही जारी जारी रखी गई है।

गली में खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। हनुमान मंदिर गली कायस्तपारा में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चोवाराम देवदास 37 वर्ष बीएसयूपी कालोनी सरोना का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 22 टी 6490 को हनुमान मंदिर गली कायस्तपारा में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

रात में बदला मौसम का मिजाज देर रात कई स्थानों में झमाझम बारिश

- कई क्षेत्रों में हल्की वर्षा के आसार

रायपुर/नवप्रदेश। बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी व पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शुक्रवार रात को रायपुर सहित प्रदेशभर में मौसम का मिजाज बदल गया।

रात्रि करीब नौ बजे से रायपुर सहित कई शहरों में हल्की बारिश हुई। बारिश के चलते मौसम में ठंडकता बढ़ गई। हालांकि बादल छाए रहने से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। रविवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी और ठंड भी बढ़ेगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि 12-13 नवंबर को मौसम के मिजाज में और बदलाव होगा तथा ठंड बढ़ेगी।

शुक्रवार को रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आंशिक रूप से बादल छाए रहे। इसके साथ ही दोपहर बाद कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हुई। आंशिक रूप से बादल छाने के कारण अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। रायपुर का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा और न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा रहा।

24 घंटों में प्रदेश में मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा

अंबिकापुर, बिलासपुर, पेंड्रा रोड, राजनांदगांव सहित कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में सामान्य से बढ़ोतरी हुई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों में प्रदेश में मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। उसके बाद रविवार से न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू होगी।

ठंड की दस्तक होते ही अब शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गर्म कपड़ों के स्टाल भी लगने लगे हैं। साथ ही कपड़े संस्थानों में भी गर्म कपड़ों के स्टाल आने शुरू हो गए हैं। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस वर्ष ठंड अच्छी पड़ने की उम्मीद है।

ट्रक से विस्फोटक जप्त

बलरामपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव के चलते लगातार वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इस दौरान बलरामपुर जिले में बलगी पुलिस ने विस्फोटक में उपयोग किए जाने वाले अपेक्स डी कोडेक्स वायर का जखीरा बरामद किया है। जप्त किए गए सामग्री की कीमत 17 लाख बताी जा रही है। इसके अलावा पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और ट्रक भी जप्त कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसारए वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाड्रफनगर की ओर से आ रहे आइसर ट्रक को रोका। चालक ने अपना नाम राजकुमारा स्वामी गौड जनागामाए पिता राजामौली गौड (36) तेलंगाना और परिचालक ने अपना नाम गांधी कुमार यादव पिता भुनेश्वर यादव (24) निवासी झारखंड बताया। जब पुलिस से ने चेकिंग की तो ट्राली में विस्फोटक सामग्री कोडेक्स वायर मिला। इसके बाद सभी सामग्रियों को जप्त किया गया और मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई।

इस मामले में आरोपी राजकुमारा स्वामी गौड जनागामा के सही दस्तावेज पेश करने पर उसे मुचलका पर पाबंद कर रिहा कर दिया गया है। लेकिन भारी मात्रा में विस्फोटक गलत रूट में बिना सुरक्षा और सूचना के परिवहन करने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

कोयले से भरा ट्रेलर पलटा, स्टेट हाइवे जाम

जशपुर/नवप्रदेश। जिले में कोयले से भरा एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में ट्रेलर चालक और परिचालक घायल हो गए हैं. दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना बगीचा थाना क्षेत्र के बादलखोल की है। मिली जानकारी के अनुसार, इस हादसे में ट्रेलर के सामने का हिस्सा टूटकर पुलिया के नीचे गिर गया है. ट्रेलर के पलटने से चराईडांड़ बतौली स्टेट हाइवे जाम हो गया है. सड़क में जाम लगने से वाहनों की लंबी कतारें लग गई है. इस घटना को लेकर बगीचा थाना प्रभारी सतीश सोनवानी ने बताया कि मुझे अभी सूचना मिली है. जैसे ही जाम लगने की सूचना मिली तो सड़क पर पड़े मलबे और ट्रेलर को हटाने के लिए गाड़ी भेज दिया है।

सेलून दुकान संचालक पर उस्तरा से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। सेरीखेड़ी में बाल कटिंग करने की विवाद को लेकर एक युवक ने सेलून दुकान संचालक से गाली-गलौज उस्तुरा से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कोमल सेन 27 वर्ष रावणभाठा सेरीखेड़ी का रहने वाला है। प्रार्थी सेलून दुकान चलाता है। बताया जाता है कि आरोपी श्रवण साहू प्रार्थी के दुकान में आया और बाल कटिंग के विवाद पर गाली-गलौज कर उस्तुरा से प्रार्थी को मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।